चैत्र शुक्ल पक्ष- 4, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 296 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

12 अप्रैल 2024 शुक्रवार

**आज का मौसम**

36 अधिकतम

23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## कई कांग्रेसियों ने थामा भाजपा का दामन, पारूल साहू भी भाजपा की हुईं

# सीधी लड़ाई के लिए पहली बार छिंदवाड़ा में जोर लगाने पहुंचा भाजपा हाइकमान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भाजपा ने आज फिर कांग्रेस को झटका देते हुए सागर जिले के सुर्खी से कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक पारूल साहू, छिंदवाड़ा जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित सक्सेना सहित एक दर्जन कांग्रेस पदाधिकारियों व सरपंच, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सदस्यता दी। इस मौके पर सीएम मोहन यादव, पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान, नरोत्तम मिश्रा आदि मौजूद थे। उधर आज फिर भाजपा छिंदवाड़ा पर 'चढाई' के लिये पहुंच रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सीधी में सभा कर रहे हैं, यहां से वे दोपहर बाद छिंदवाडा पहुंचेगे।

खास बात यह है कि पहले चरण के चुनाव अभियान के इस दौर में पहली बार भाजपा के तीन बड़े चेहरों में से एक चेहरा यहां पहुंच रहा है। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी छिंदवाडा के आसपास के जबलपुर व बालाघाट में दौरा कर चुके हैं,जबकि अमित शाह ने करीब के क्षेत्र मंडला व कटनी में कल सभा की है। हालांकि कांग्रेस की सीट पर घेराबंदी के लिये सीएम मोहन यादव यहां लगातार दौरे कर रहे हैं। आज भी वे यहां रहेंगे। इस सीट पर 19 अप्रैल को मतदान है।

भाजपा ने छिंदवाड़ा को हर हाल जीतने की तैयारी लंबे समय से कर रखी है। इसीलिए बड़े पैमाने पर कमलनाथ के करीबी नेताओं को भाजपा में लाया गया है। पिछला चुनाव नकुलनाथ कम अंतर से जीते थे, यही अंतर भाजपा की बड़ी उम्मीद है।




### राहुल बोले- जनता को 'बड़ी महंगी पड़ी मोदी सरकार'!

इधर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तड़के ट्वीट कर महंगाई पर निशाना साधा है। उन्होंने पोस्ट में लिखा - आटा 20 से 40 किलो, दाल 80 से 210, दूध 30 से 66, तेल 52 से 150, पेट्रोल 66 से 97 रू लीटर, डीजल 52 से 90 और डॉलर 58 से 83, इस कमरतोड़ महंगाई में, रिकॉर्ड तोड़ बेरोज़गारी आम जनता पर दोहरी मार है। यही आज देश के लिए दो सबसे बड़े मुद्दे हैं।



राहुल ने कहा कि नरेंद्र मोदी देश से अपना 'रिपोर्ट कार्ड' छिपा रहे हैं, जिसमें वह हर सब्जेक्ट में फेल हैं और जनता अब उनकी 'क्लास लगाने' को तैयार बैठी है। वहीं हम गरीब परिवार की महिलाओं को 1 लाख/साल यानी 8,500/महीना दे कर देश को गरीबी के दलदल से बाहर निकाल कर दिखाएंगे।

## जम्मू में मोदी बोले-पहले किसी में यह हिम्मत नहीं थी..

पीएम नरेंद्र मोदी ने आज जम्मू के उधमपुर में रैली में कहा कि ये चुनाव सिर्फ सांसद चुनने तक का नहीं है. बल्कि मजबूत सरकार बनाने का है। सरकार जब मजबूत होती है तो जमीन पर चुनौतियों को चुनौती देते हुए काम करते दिखती है।



मोदी ने कहा कि हमने धारा 370 हटाई, किसी राजनीतिक पार्टी में इसे हटाने की हिम्मत नहीं थी, दस साल पहले मैंने कहा था कि मैं साठ साल की समस्याओं का समाधान करके दिखाऊंगा। अब जम्मू कश्मीर के लाखों परिवार के साथ 5 साल तक मुफ्त राशन की गारंटी है। लाखों परिवारों के पास पांच लाख रुपए के मुफ्त इलाज की गारंटी है। जम्मू-कश्मीर के गांव तक बिजली पहुंच चुकी है। 75 प्रतिशत से ज्यादा घरों को पाइप से पानी की सुविधा मिल रही है। जम्मू से मोदी बाड़मेर में विजय शंखनाद जनसभा को संबोधित करेंगे तथा शाम को दौसा में सोमनाथ चौराहे से गुप्तेश्वर दरवाजे तक रोड शो निकालेंगे।

### 'सही पकड़े हैं' ममता-शाह के शब्द पर बवाल

**पश्चिम** बंगाल में टीएमसी को मात देने के लिए भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ रही है। मगर ममता बनर्जी और अमित शाह के भाषण की क्लिपिंग खूब वायरल है। इसमें दो शब्दों पर राजनीति गरमा रही है। ये दो शब्द हैं, 'बेलुरघाट' और 'आत्मीय नदी'। दरअसल भाषण में ममता ने 'आत्रेयी नदी' को 'आत्मीय नदी' कहा था, तो शाह ने 'बालुरघाट' को 'बेलुरघाट' कह दिया था। टीएमसी और भाजपा एकदूसरे से भिडे हैं। भाजपा उम्मीदवार सुकांत मजूमदार ने कहा कि एक गुजराती भाषी व्यक्ति सही बांग्ला बोल पाएगा, यह सोचने की बात है, मगर बंगाली मुख्यमंत्री के नाते 'आत्रेयी नदी' का सही नाम तो ममता को लेना चाहिए।



## दिल्ली मे राष्ट्रपति शासन लगाने की तैयारी...

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद से आम आदमी पार्टी केंद्र सरकार पर हमलावर है।अब मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया है कि दिल्ली की सरकार को गिराने और राष्टपति शासन लगाने की साजिश की जा रही है क्योंकि दिल्ली सरकार के अधिकारियों ने बैठक में शामिल होना बंद कर दिया है। इन सभी चीजों से यह संकेत निकल रहे हैं। आतिशी ने कहा कि मैं भाजपा को चेतावनी देती हूं कि दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना अवैध, असंवैधानिक और दिल्ली के लोगों के जनादेश के खिलाफ होगा क्योंकि लोगों ने आम आदमी पार्टी को स्पष्ट जनादेश दिया है। भाजपा को पता है कि चाहें वे कितना भी जोर लगा लें, वे दिल्ली में अरविंद केजरीवाल को हरा नहीं सकते। भाजपा दिल्ली में चुनाव जीतने वाले नहीं है, इसलिए ये साजिश कर रहे हैं।



## संकट बना प्रदूषण, समुद्र के तल में जमा है 1.10 टन करोड़ प्लास्टिक

**नई दिल्ली।** मानवीय लापरवाही के कारण समुद्र भी तेजी से प्रदूषित होते जा रहे हैं। एक अध्ययन में पता चला है कि समुद्र की गहराइयों में 1 करोड़ 10 लाख टन प्लास्टिक जमा है, जो न सिर्फ पर्यावरण बल्कि जैवविविधता के लिए गंभीर संकट बन चुका है। अध्ययन के अनुसार हर मिनट कचरे से भरे एक ट्रक के बराबर प्लास्टिक समुद्र में समा रहा है। कॉमनवेल्थ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च ऑर्गनाईजेशन (सीएसआईआरओ) और टोरंटो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों का अध्ययन ओशियोनोग्राफिक रिसर्च पेपर्स में प्रकाशित हुआ है। शोधकर्ताओं ने अनुमान लगाया है कि 192 देशों से निकला करीब 80 लाख टन प्लास्टिक कचरा प्रतिवर्ष महासागरों में समा रहा है। समुद्रों में पहुंचने वाला करीब 80 फीसदी कचरा जमीन पर ठोस कचरे के कुप्रबंधन से जुड़ा है। यह कचरा भूमि से जुड़े समुद्री मार्गों के जरिए समुद्र तल तक पहुंच रहा है। शेष 20 फीसदी कचरे के लिए समुद्र तट के किनारे बसी हुई बस्तियां जिम्मेदार हैं।



## एयरटेल की कंपनी की लिस्टिंग, निवेशकों की हुई बल्ले-बल्ले

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

टेलीकॉम सेक्टर की दिग्गज भारती एयरटेल की सब्सिडियरी कंपनी भारती हेक्साकॉम के शेयरों की शुक्रवार को शेयर बाजार में लिस्टिंग होते ही आईपीओ में पैसे लगाने वाले निवेशकों की बल्ले-बल्ले हो गई। दरअसल, कंपनी के इश्यू प्राइस की तुलना में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर भारती हेक्साकाम शेयर 32 फीसदी से ज्यादा के प्रीमियम पर लिस्ट हुए। जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग 755 रुपये पर हुई है। खास यह कि एयरटेल की इस कंपनी की ये जोरदार लिस्टिंग ऐसे समय में हुई है, जबकि शेयर बाजार लाल निशान पर कारोबार कर रहा है। गिरते हुए बाजार में भी इस कंपनी ने अपने निवेशकों को पहले ही दिन तोहफा दिया है।




## कोर्ट में कविता, सीबीआई ने मांगी पांच दिन की हिरासत; फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** बीआरएस नेता के. कविता को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुनवाई के लिए सीबीआई की ओर से हिरासत में लेने के बाद दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट लाया गया। सीबीआई ने बीआरएस नेता के. कविता की पांच दिन की हिरासत की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने आवेदन पर सीबीआई के साथ-साथ कविता की ओर से पेश वकील की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। बीआरएस नेता की दो लंबित अर्जियों पर सुनवाई दोपहर 2 बजे फिर शुरू होगी। इससे पहले सीबीआई ने दलील दी है कि दक्षिण के ग्रुप के एक शराब कारोबारी ने अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की और दिल्ली में कारोबार करने के लिए उनका साथ मांगा। केजरीवाल ने उन्हें आश्वासन दिया। हमारे पास पर्याप्त सामग्री, व्हाट्सएप चैट और संबंधित आरोपियों के बयान हैं।

## बारामुला से उमर, श्रीनगर से रुहुल्ला लड़ेंगे चुनाव

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) ने कश्मीर घाटी की तीनों सीटों पर अपने पत्ते खोल दिए हैं। शुक्रवार को नेकां प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने एलान किया कि बारामुला सीट से उमर अब्दुल्ला से और श्रीनगर से अगा रुहुल्ला नेकां के उम्मीदवार होंगे। इससे पहले नेकां अनंतनाग-राजोरी सीट से मियां अल्ताफ को मैदान में उतारने की घोषणा कर चुकी है। प्रेसवार्ता में उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी लड़ाई उन ताकतों के साथ है जो उनके विरोधी उम्मीदवारों के पीछे खड़े हैं। उमर ने आरोप लगाया कि कश्मीर में भाजपा नेता तरुण चुग का आना और सज्जाद लोन और अल्ताफ बुखारी से मुलाकात करना, साफ इशारा करता है कि ये पार्टियां भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं।

### मामला पतंजलि पर सुनवाई का

## हम बखिया उधेड़ देंगे.. जस्टिस की टिप्पणी पर पूर्व जजों को आपत्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

इन दिनों सुप्रीम कोर्ट में भ्रामक विज्ञापन मामले की सुनवाई चल रही है। सुनवाई जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ कर रही है। मगर सुनवाई के दौरान जस्टिस अमानुल्लाह ने कड़ी टिप्पणी व इस पर प्रतिक्रया चर्चा में है। उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने योग गुरु रामदेव और पतंजलि के एमडी आचार्य बालकृष्ण द्वारा बिना शर्त माफी मांगने के लिए दायर किए गए हलफनामों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। तब जस्टिस अमानुल्लाह ने निष्क्रियता बरतने के लिए उत्तराखंड के राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण के प्रति भी कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा था कि हम आपकी बखिया उधेड़ देंगे।



अब इसी सख्त टिप्पणी को लेकर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व सीजेआई व जजों ने नाराजगी जताई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पूर्व जजों का कहना है कि अदालत की कार्यवाही संयम और संयम के मानक स्थापित करती है। अदालत की अवमानना के डर का मतलब कानून का शासन, अदालतों की गरिमा और उनके आदेशों की पवित्रता को बनाए रखना है। पूर्व जजों का कहना है कि 'बखिया उधेड़ देंगे' धमकी जैसी है। यह कभी भी संवैधानिक न्यायालय के जज के उस बयान का हिस्सा नहीं हो सकता है, जिसे आगे चल कर मानक माना जाए या उसकी नजीर दी जाए।

## आतंक पर नकेल नहीं कस पा पाक तो हमसे मदद मांगे : सिंह

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान को अपनी धरती से आतंकवाद को समाप्त करना चाहिए और उसके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करनी चाहिए। अगर उसे लगता है कि वह ऐसा करने में सक्षम नहीं है, तो भारत की मदद ले सकता है। रक्षा मंत्री ने एक साक्षात्कार में कहा, भारत आतंकवाद से निपटने के लिए हर तरह की सहायता देने को तैयार है। अगर पाकिस्तान आतंकवाद का इस्तेमाल कर भारत को अस्थिर करने की कोशिश करेगा तो उसे इसके परिणाम भुगतने होंगे। हम सीमापार आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेंगे और इस्लामाबाद के साथ संबंध सुधारने के लिए आतंकवाद को अलग करके नहीं देख सकते। उन्होंने साफ किया कि अनुकूल माहौल बनाने की जिम्मेदारी इस्लामाबाद पर है। दोनों देशों के बीत आतंक, शत्रुता या हिंसा का माहौल समाप्त करना होगा। राजनाथ ने कहा, पाकिस्तान हमारा पड़ोसी है। हम दोनों मिलकर आतंकवाद खत्म कर सकते हैं, लेकिन यह उनका फैसला है। मैं सिर्फ एक सुझाव दे रहा हूं।



**मेट्रो एंकर**

### ऑटोनॉमस टेक्नोलॉजी का कमाल...

# शुगर 700, दिल का दौरा..कार मालिक को खुद अस्पताल तक ले गई टेस्ला

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

अमेरिका की इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी टेस्ला की कारों के ऑटोनॉमस टेक्नोलॉजी ने कमाल कर दिया है और एक व्यक्ति की तब जान बचाई,जब उसका शुगर लेबल 700 पर पहुंच रहा था तथा दिल का दौरा आ चुका था। टेस्ला की सेल्फ-ड्राइविंग तकनीक के चलते इस शख्स की जान बच गई। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने अब अपनी प्रतक्रिया में कहा कि, 'मुझे खुशी है कि उस वक्त आपकी मदद करने के लिए टेस्ला की फुली सेल्फ ड्राइविंग तकनीक थी।' दरअसल, सोशल नेटवर्किंग साइट



'X' पर मैक्सपॉल फ्रैंकलिन नाम के एक यूजर ने आपबीती सुनाई है। मैक्सपॉल ने अपने पोस्ट में लिखा कि, '1 अप्रैल को टेस्ला ने पूरे अमेरिका में अपनी कारों में फुल सेल्फ-ड्राइविंग फंक्शन को अनलॉक कर दिया था। उस दिन 2 बजे की मध्य रात्रि के दौरान मुझे डिहाइड्रेशन महसूस हो रहा था और मैनें पाया कि इंसुलिन पंप में कुछ खराबी के चलते मेरा ग्लूकोज लेवल 670 तक पहुंच गया है।' मैक्सपॉल ने लिखा है कि बिना समय गवाए मैनें मदद के लिए अपनी टेस्ला कार की तरफ रूख किया। इसके बाद मैनें स्टीयरिंग व्हील पर बस दो बार टैप कर फुल सेल्फ ड्राइविंग फंक्शन को ऑन कर दिया। मैं इसके रिजल्ट से आश्चर्यचकित था कि बिना किसी परेशानी के ये कार तकरीबन 13 मील (लगभग 20 किमी) का सफर कर मुझे मेरे घर से वीए इमरजेंसी रूम तक लेकर गई। इतना ही नहीं, कार खुद ही पार्क भी हो गई। जिसके चलते मुझे तत्काल इलाज मिल सका।'मैक्सपॉल ने कहा है कि' हल्का दिल का दौरा झेलने के बावजूद मैंने अपने व्यायाम के नियम पर कोई प्रतिबंध लगाए बिना अस्पताल छोड़ दिया।

### कई कारों का मालिक लेकिन टेस्ला बनी पसंद

**खबरों के मुताबिक मैकवेल पॉर्शे, मर्सिडीज, बीएमडब्ल्यू, एक्यूरा और कैडिलैक सहित कई लक्जरी वाहनों के मालिक है। मगर अब उन्होंने कहा है कि आज स्पष्ट रूप से टेस्ला को ऑटोमोटिव इनोवेशन का पिनैकल (टॉप पर मौजूद) घोषित कर सकता हूं। क्रिटिकल मोमेंट में इस कार की लाइफ सेविंग कैपेबिलिटी इसे सुपीरियर बनाती है। पारंपरिक वाहनों से टेस्ला की फुल सेल्फ-ड्राइविंग कैपेबेलिटी तक जंप करना एक बेसिक फोन से स्मार्टफोन में अपग्रेड करने जैसा है। मैक्सपॉल इस पोस्ट पर मस्क ने कहा कि मुझे खुशी है कि टेस्ला फुली सेल्फ-ड्राइविंग की मदद के लिए वहां मौजूद था और आप अच्छा महसूस कर रहे हैं।**

प्राण प्रतिष्ठा समारोह



भोपाल के शिव शक्ति नगर में शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर हरि-हरि महायज्ञ का आयोजन किया गया

# विज्ञान से जुड़ी जिज्ञासा के लिए स्कूलों में आयोजित होगा साइंस चैलेंज

## सीबीएसई ने इस संबंध में सभी स्कूलों को जारी किए दिशा-निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने विज्ञान से जुड़ी जिज्ञासा, पूछताछ और हाई ऑर्डर थिंकिंग के लिए एक पहल से रूप में साइंस चैलेंज शुरू किया है। कक्षा 8वीं से लेकर 10वीं के विद्यार्थी इस प्रोग्राम में शामिल हो सकते हैं। सीबीएसई ने इस संबंध में सभी स्कूलों को दिशा-निर्देश जारी किए है।

सीबीएसई के प्लेटफॉर्म पर साइंस चैलेंज अप्रैल से मई तक उपलब्ध होगा। जिसमें कक्षा 8वीं से लेकर 10वीं के सभी छात्रों को भाग लेने की अनुमति होगी। इसमें भाग लेने के लिए किसी प्रकार के फीस भुगतान की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### प्रोग्राम का आयोजन दो राउंड में होगा

*जानकारी के अनुसार, प्रोग्राम का आयोजन दो राउंड में होगा। पहले राउंड में सभी छात्र भाग ले पाएंगे, जो स्कूल में आयोजित होगा। वहीं दूसरा राउन्ड इंटर स्कूल लेवल पर होगा, जिसमें सभी स्कूलों को अपने 6 विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन करवा पाएंगे।*

**पहला चरण:** *पहले चरण के लिए स्कूलों को 19 अप्रैल तक विद्यार्थियों की जानकारी साइंस चैलेंज पोर्टल पर देनी होगी। 24 अप्रैल 2024 को सभी रजिस्टर्ड स्कूलों में साइंस चैलेंज का पेपर उपलब्ध होगा, प्रश्न डब्फ फॉर्मेट में होंगे। स्कूलों को 22 अप्रैल से 26 अप्रैल के बीच चैलेंज का आयोजन करेंगे और 6 विद्यार्थियों का चयन करेंगे।*

**दूसरा चरण:** *दूसरे चरण के लिए स्कूलों को 29 अप्रैल से 7 मई के बीच विद्यार्थियों के पंजीयन कराने होंगे। 13 मई से 17 मई तक सीबीएसई बोर्ड कंप्यूटर आधारित साइंस चैलेंज का आयोजन करेगा।*

# स्कूली छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने वाले मनचले के खिलाफ केस दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पिपलानी पुलिस ने एक स्कूली छात्रा की रिपोर्ट पर मनचले युवक के खिलाफ छेड़छाड़ समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी के खिलाफ पीड़िता करीब एक साल पहले भी पुलिस से शिकायत कर चुकी थी, लेकिन उसके बाद भी मनचले की हरकतें बंद नहीं हुई। परेशान होकर पीड़िता दोबारा थाने पहुंची। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी ने इस साल आठवीं कक्षा की परीक्षा दी है। चाय-नाश्ते की दुकान पर काम करने वाला नीलेश प्रजापति नामक युवक काफी दिनों से छात्रा को परेशान कर रहा था। कई बार घर के बाहर आते-जाते समय उसका पीछा कर अश्लील कमेंट्स करता था। बुधवार दोपहर करीब बारह बजे नीलेश ने सरेराह छात्रा की बुरी नीयत से हाथ पकड़ लिया तो उसने घर जाकर परिजनों को जानकारी दी। शाम को परिजन छात्रा को लेकर थाने पहुंचे, जहां पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## हमीदिया में एआई तकनीकी की मदद से होगा जबड़ों का इलाज

# टीएमजे डिसआर्डर से पीड़ित मरीजों के लिए अब राहत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

टेम्पोरोमैंडिबुलर जाइंट यानी टीएमजे डिसआर्डर से पीड़ित मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। अब हमीदिया अस्पताल में एआई तकनीकी की मदद से जबड़ों का इलाज हो सकेगा। प्रदेश के सरकारी मेडिकल कालेजों में पहली बार है जब टीएमजे स्प्लिंट के लिए एआई तकनीक का उपयोग किया जा सकेगा। अब तक करीब पांच मरीजों पर इस तकनीक का सफल इस्तेमाल एआई मेडिट स्पलिंट साफ्टवेर द्वारा किया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, थ्रीडी व स्पलिंट सॉफ्टवेयर तकनीक से स्प्लिंट से टीएमजे डिसऑर्डर से जूझ रहे लोगों को खासा आराम मिलता है। इससे मरीजों को बिना सर्जरी के ही इस बीमारी से राहत मिलती है।



### बिना दवा या सर्जरी के इस डिसआर्डर को दूर किया जा सकता है

*गांधी मेडिकल कॉलेज के दंत रोग विभाग में इस डिसऑर्डर का उपचार अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के माध्यम से किए जाने का प्रस्ताव है। एआई एल्गोरिदम और थ्रीडी प्रिंटर के माध्यम से टीएमजे स्प्लिंट तैयार कर बिना दवा या सर्जरी के इस डिसआर्डर को दूर किया जा सकता है। ऐसे कुछ मरीजों का उपचार पायलट शोध की मदद से विभाग द्वारा भी किया गया है। जिसके परिणाम बहुत सकारात्मक मिले हैं।*

### इंट्रा ओरल स्कैनर का उपयोग

डॉक्टरों के अनुसार, इसके लिए स्कैनर साफ्टवेर व एआई के माध्यम से जबड़े व दांतों की थ्रीडी इमेज ली जाती है। इसके लिए इंट्रा ओरल स्कैनर का उपयोग होता है। इस इमेज के बाद थ्रीडी तकनीक स्पलिंट डिजाइन साफ्टवेर द्वारा टीएमजे स्प्लिंट तैयार की जाती है, जो जोड़ को मजबूती प्रदान करती है। इस स्प्लिंट को बीमारी की गंभीरता के अनुसार आठ सप्ताह से छह महीने तक पहनना होता है।

# बड़े तालाब से ने उगला युवक का शव, पहचान में जुटी पुलिस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

श्यामला हिल्स पुलिस ने गुरुवार सुबह बड़े तालाब से एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया। मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिया गया है। मृतक के पास ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान की जा सके। शव मिलने की सूचना और हुलिए की जानकारी सभी थानों को भेज दी गई है।



पुलिस के मुताबिक गुरुवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे सूचना मिली कि शीतल दास की बगिया के पास वर्धमान पार्क के सामने बड़े तालाब में एक व्यक्ति की लाश पड़ी है। सूचना के बाद मौक पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाया और पंचनामा बनाकर पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिया। तलाशी लेने पर मृतक के पास पहचान संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिला। मृतक की उम्र 30 से 35 वर्ष के बीच बताई गई है। वह सफेद रंग की धारी वाली चेक शर्ट, काले रंग की जींस का पैंट और काले रंग का बेल्ट पहने हुए था। शव तीन से चार दिन पुराना होने के कारण पूरी तरह से डी-कम्पोज हो गया था। शव मिलने की सूचना और मृतक के फोटो तथा हुलिए की जानकारी सभी थानों को भेज दी गई है। सोशल मीडिया के माध्यम से भी शव की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस का अनुमान है कि उक्त युवक वीआईपी रोड से तालाब में कूदा होगा और बुधवार को चली आंधी और तूफान के कारण बह कर शीतलदासल की बगिया की तरफ पहुंचा होगा।

# सरकारी और निजी आयुर्वेद, यूनानी कालेजों में शिक्षक बनने एनटीईटी उत्तीर्ण करना जरूरी

**भोपाल।** सरकारी और निजी आयुर्वेद, यूनानी कालेजों में सत्र (2024-25) में शिक्षक बनने के लिए राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (एनटीईटी) उत्तीर्ण करना जरूरी होगा। यह परीक्षा जुलाई माह में आयोजित है। जानकारों का कहना है कि यह व्यवस्था लागू होने से शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर होगी। यह नियम नए पीजी डिग्रीधारी डाक्टरों पर लागू होगा जो 2024-25 के सत्र से आयुर्वेद, सिद्धा और यूनानी (एएसयू) चिकित्सा पद्धति के कालेजों में शिक्षक बनना चाहते हैं। पुराने शिक्षक जिन्हें सेंट्रल काउंसिल आफ इंडियन सिस्टम आफ मेडिसिन (सीसीआइएम) या एनसीआइएसएम ने टीचर्स कोड आवंटित कर दिया है उन पर यह लागू नहीं होगा। प्रदेश समेत देशभर में एएसयू के 650 से अधिक कालेज चल रहे हैं, जिनमें आयुर्वेद के 540 हैं। मध्य प्रदेश में 34 आयुर्वेद चिकित्सा कालेज हैं।

# लोस चुनाव: यात्री और स्कूल-कॉलेजों की 1200 से अधिक बसें होंगी अधिग्रहीत

## क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय वाहनों सूची तैयार करने में जुट गया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल सीट पर तीसरे चरण में 07 मई को मतदान होगा। ऐसे में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यात्री और स्कूल-कॉलेज बसों के अधिग्रहण की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। व्यवस्था को देखते हुए क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय भोपाल ने वाहनों सूची तैयार करने में जुट गया है। जिले में इस बार चुनाव में 1200 से अधिक बसों को अधिग्रहित करने की योजना बनाई गई है। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर आरटीओ बसों को अधिग्रहण करने की तैयारी में शुरू हुई हैं। बसों को अधिग्रहित करने के लिए वाहन मालिकों की सूची तैयार करने के बाद उन्हें नोटिस दिया जा रहा है। इसके बाद संचालकों की बैठक होगी। आगामी सोमवार को बस संचालकों के साथ बैठक रखी गई है, जिससे वाहनों के अधिग्रहण का काम बिना परेशानी के पूरा हो सके।

### इंकार किया, तो हो सकती है कार्रवाई



बताया जा रहा है कि चुनाव में बसें देने से जो भी संचालक इंकार करेगा, उस पर कार्रवाई की जा सकती है। अधिकारियों के अनुसार, आंकड़ों के लिहाज से शिक्षण संस्थानों और यात्री बसों के वाहन मालिकों का रिकार्ड निकालकर सूची तैयार कर ली गई है। जल्द ही बैठक आयोजित की जाएगी।

# ढाबे पर बिक रही अवैध शराब, आबकारी टीम का छापा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता के चलते शराब के अवैध परिवहन, बिक्री को रोकने के लिए लगातार सघन चेकिंग की जा रही है। इसके बावजूद जिले में अवैध शराब की बिक्री पर लगाम नहीं लग पा रही। ढाबों और निचली बस्तियों में अवैध शराब का गोरखधंधा खूब चल रहा है। मगर इसकी भनक लगने पर आबकारी टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बरामद करते हुए प्रकरण दर्ज किया है। आबकारी कंट्रोलर के मुताबिक गुरुवार को विदिशा रोड स्थित ढाबे पर छापा मारते हुए अवैध शराब बरामद की गई है। यहां ढाबा संचालक द्वारा शराब छिपाकर रखी थी और लोगों को अवैध रूप से परोसी जा रही थी। आबकारी टीम ने आरोपित राजू को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। इसी तरह छोला बस्ती में रेलवे लाइन के पास अवैध शराब बेची जा रही थी। जहां टीम ने पहुंचकर घेराबंदी की और तलाशी ली तो झाड़ियों में छिपाकर रखी अवैध शराब बरामद की गई है।

**मेट्रो एंकर**

## उपनगर के व्यापारियों ने कहा समस्या का हो स्थायी समाधान

# करोड़ों की दुकानों के सामने हाथ ठेले बिगाड़ रहे बाजार की सूरत

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर में मेन रोड़ पर करोड़ों की दुकानों के सामने हाथ ठेल यातायात की समस्या के साथ बाजार की सूरत बिगाड़ रहे हैं। पूरे मार्ग पर फुटपाथ के बाद कब्जा कर सब्जी, फल व अन्य सामान बेचने वालों का कब्जा रहता है। जिनका आए दिन दुकानदारों से खड़े होने को लेकर विवाद होता रहता है।

एक समय था जब मेन रोड पर फुटपाथ पर सब्जी कारोबारियों के कब्जे में फुटपाथ होता था। पुरानी सब्जी मंडी को शिफ्ट करते समय और बीआरटीएस कॉरिडोर निर्माण के समय फुटपाथ को पूरी तरह से कब्जा मुक्त कर दिया गया था, लेकिन धीरे-धीरे कब्जा करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। बायें मोडों पर दोनों और हाथ ठेला वालों के कब्ज हैं। सिविल अस्पताल के सामने दुकानदार के वाहन यातायात के लिए समस्या बने हुए हैं। थोड़ा से आगे बढ़ने के बाद संत हिरदाराम मार्केट के बाद से कालिका चौराहे तक दोनों और फुटपाथ के बाद हाथ लगे हुए हैं। कमोबेस हालात मार्ग के दोनों और एक जैसे हैं। इससे यातायात की समस्या तो पैदा होती ही है। कपड़ा और बर्तन कारोबारियों की यह बड़ी समस्या है।

### निगम से शिकायत है

व्यापारियों का कहना है करोड़ों की दुकान लेकर बैठे हैं। ग्राहक को आकर्षित करने के लिए दुकानों को बनाने पर भी लाखों खर्च किए हैं। सारी खूबसूरती दुकान के सामने खड़े ठेले खराब कर रह हैं। मना करने पर विवाद होता है। ठेलों और दुकानों की खरीदी का अपना मिजाज है। नगर निगम दिखावी कार्रवाई करता है। बाजार-बाजार सा नहीं लगता क्योंकि दुकानों के सामने तो ठेले पहले दिखाई देते हैं।



### शाम को बढ़ जाते हैं ठेले

संतनगर में मुख्य मार्ग के दोनों ओर और अंदरूनी बाजार में 200 सब्जी-फल व अन्य सामानों के हाथ ठेले लग रहे हैं। सराफा मार्केट, पीएनबी रोड, स्टेशन रोड, फाटक रोड पर हाथ ठेले नजर आते हैं। शाम के समय बाजारों के आसपास मेनरोड पर ठेलों की संख्या सामान्य से काफी ज्यादा हो जाती है।

### 500 से अधिक दुकानें

एक अनुमान के मुताबिक मेन रोड पर 500 से अधिक कपड़ा, बर्तन की दुकानें हैं। ज्यादातर दुकानें दो-तीन मंजिला हो गई हैं। दुकान के बाद खाली जगह के बाद फुटपाथ है, जो वैसे तो पैदल चलने वालों के लिए है, लेकिन दुकानदारों के बाद खड़े होते है।

### व्यापारियों ने कहा

*संतनगर कारोबारी इलाका है, इसे व्यापारिक नजरिये से विकास की बातें कही जाती हैं। बड़े शो रूम और करोड़ों की कपड़ा, बर्तन की दुकानें हैं। यह दुर्भाग्य ही है कि दुकानों के सामने ठेले खड़े रहते है। सारी खूबसूरती बाजार की ठेलों से खत्म हो रही है।*

**मुकेश कुमार,** व्यापारी

*नियमित कार्रवाई की जरूरत है। यह समझ से परे है जब सब्जी वालों के लिए एक जगह है तो उन्हें स?कों पर कारोबार करने की मौन मंजूरी क्यों दी जा रही है। निगम और पुलिस दिखावे की नहीं स्थायी कार्रवाई करे। व्यापारी कुछ कहता है तो विवाद होता है।*

**घनश्याम वाधवानी,** व्यापारी

# 15 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा, 2 लाख मीट्रिक टन गोदामों तक नहीं पहुंचा



### आयुक्त ने कलेक्टरों से कहा- अलग से ट्रक लगाने पड़े तो लगवाओ और गेहूं गोदामों में भेजो
### खराब मौसम, बारिश और आंधी-तूफान से गेहूं खराब होने की आशंका

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में अब तक 15 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है, इसमें से 2 लाख मीट्रिक टन गेहूं गोदामों तक नहीं पहुंचा है। इसमें हजारों क्विंटल गेहूं पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के कारण गीला हुआ है, यदि इसे नहीं सुखाया गया तो यह खराब हो सकता है। आगे भी मौसम खराब रहने की आशंका खत्म नहीं हुई है। यदि बारिश होती है तो गेहूं को होने वाला नुकसान कई गुना बढ़ सकती है। इस आशंका को देखते हुए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के आयुक्त रवींद्र सिंह ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को गुरुवार कहा है कि जिन केंद्रों पर परिवहन पिछड़ रहा है वहां परिवहन के लिए अतिरिक्त ट्रक लगवाएं। तौल जल्दी कराएं। जिन क्षेत्रों में भंडारण भारतीय खाद्य निगम के गोदामों में होनी है, उन क्षेत्रों पर खरीदी कवर्ड में कराई जाए। जिन्होंने जिस तारीख में स्लॉट बुक कराया है, उसी तारीख में खरीदी करें। बारदानों की सिलाई कर उनकी थप्पी ऊंचे स्थानों पर लगवाएं, समितियों के कमीशन में से तिरपाल खरीदी कराएं और गेहूं को कवर्ड कराएं। यदि किसी केंद्र पर पानी भरने की आशंका है तो उस केंद्र को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित कराएं।

असल में कई सहकारी समितियों में पर्याप्त संसाधन नहीं है। बारिश के कारण इन केंद्रों पर लाखों क्विंटल गेहूं गीला हो गया। इसमें से कुछ गेहूं तो समितियों ने तौल लिया था और कुछ गेहूं की तुलाई होनी थी। अब गीले हुए गेहूं के खराब होने की संभावना बढ़ गई, क्योंकि मौसम गुरुवार को भी खराब रहा और कई जिलों में तेज आंधी तूफान के साथी बूंदाबांदी भी हुई। यदि मौसम खराब रहा तो आगे स्थिति और बिगड़ सकती है क्योंकि अब तक 3600 केंद्रों पर 15 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है, इसमें से 2 लाख मीट्रिक टन गेहूं गोदामों तक नहीं पहुंचा है। जिसमें से हजारों क्विंटल खुले में था।

# नए चेहरों को मोदी की सभाएं दे रही सहारा, अब होशंगाबाद की बारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पहले चरण की छह सीटों पर प्रचार की तेजी के बीच भाजपा अब दूसरे और तीसरे चरण की सीटों पर भी फोकस करने लगी है। पार्टी ने देश में 400 सीटें जीतने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए मध्य प्रदेश की सभी 29 सीटों को पार्टी ने जीतने की रणनीति तैयार की है। बताया जाता है कि मप्र भाजपा ने मोदी की रैली को लेकर खास रणनीति बनाई है। खास बात यह है कि मोदी इस वक्त टीं के नए चेहरे वाली सीटों पर सभाएं कर रहे हैं। माना जाता है कि पार्टी पहली बार चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों को लेकर कोई रिस्क नहीं लेना चाहती है। इसलिए इन सीटों पर प्रधानमंत्री की सभाएं रखी है।



**14 को पिपरिया में सभा**

अब 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री होशंगाबाद के पिपरिया में जनसभा को संबोधित करेंगे। यहां से भाजपा ने दर्शन सिंह को पहली बार प्रत्याशी बनाया है। होशंगाबाद से सांसद राव उदय प्रताप सिंह को विधानसभा का चुनाव लड़ाया। वे फिलहाल मध्य प्रदेश सरकार में स्कूली शिक्षा और परिवहन मंत्री हैं। दर्शन सिंह का मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व विधायक संजय शर्मा से है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ने आचार संहिता लगने के बाद पहली बार सात अप्रैल को जबलपुर में रोड शो कर चुनावी बिगुल फूंका। जबलपुर से भाजपा ने पहली बार आशीष दुबे को टिकट दिया है। यहां से सांसद राकेश सिंह को पार्टी ने विधानसभा का चुनाव लड़ाया और वह प्रदेश सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री है। फिर मोदी ने नौ अप्रैल को बालाघाट में जनसभा को संबोधित किया। यहां से भाजपा ने पार्षद भारती पारधी को प्रत्याशी बनाया है। उनको सांसद ढाल सिंह बिसेन का टिकट काटकर मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला कांग्रेस के सम्राट सारस्वर से है।

# अब तक 103 करोड़ से अधिक मूल्य की सामग्री जब्त



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद पुलिस एवं अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। अब तक यानि 16 मार्च से 10 अप्रैल तक 13 करोड़ 77 लाख 63 हजार 629 रूपये नगद राशि सहित 103 करोड़ 33 लाख 19 हजार 639 रूपये मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त की गयी हैं। इसमें 15 लाख 74 हजार 970 लीटर मदिरा भी शामिल है, जिसका मूल्य 24 करोड़ 64 लाख 13 हजार 47 रूपये है।

इसी तरह 19 करोड़ 41 लाख 46 हजार 215 रूपये मूल्य के 14 हजार 780 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स और 9 करोड़ 40 लाख 40 हजार 623 रूपये मूल्य की 437 किलोग्राम से अधिक कीमती धातुएँ भी जब्त की गई हैं। साथ ही 36 करोड़ 9 लाख 56 हजार 125 रूपये मूल्य की अन्य सामग्री (रेडीमेड गारमेंट्स आदि) भी जब्त की गई हैं।

### भिंड से लेकर भोपाल, राजगढ़ सीटों पर वोट

# आज से तीसरे चरण की नौ सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**मध्यप्रदेश में तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव में शामिल नौ सीटों के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विदिशा, राजगढ़, भिंड, मुरैना, ग्वालियर, गुना, सागर, भोपाल और बैतूल सीट के लिए 19 अप्रैल तक नामांकन पत्र स्वीकार किए जाएंगे। 22 अप्रैल तक नाम वापस हो सकेंगे और बैतूल सीट के लिए केवल बसपा के प्रत्याशी ही नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे क्योंकि यहां से पार्टी के प्रत्याशी का निधन हो गया था, जिसके कारण 26 अप्रैल को प्रस्तावित मतदान निरस्त कर तीसरे चरण में शामिल किए गया है। यहां मतदान बाकी आठ सीटों के साथ सात मई को होगा। गौरतलब है कि बसपा प्रत्याशी अशोक भलावी का बीते दिनों हार्ट अटैक से निधन हो गया था। जिसके बाद यहां चुनाव स्थगित कर दिया गया। बुधवार को आयोग ने नया चुनाव कार्यक्रम घोषित किया है। 12 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन पत्र जमा होगा। इसमें केवल बसपा को ही मौका मिलेगा। मतगणना प्रदेश की सभी सीटों की एक साथ चार जून को होगी। मध्य प्रदेश में दूसरे चरण की नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है। रीया, सतना, टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, बैतूल और होशंगाबाद में दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को मतदान होगा।**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मंडला में लोकसभा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते एवं ब्यौहारी व चुरहट में सीधी लोकसभा प्रत्याशी डॉ. राजेश मिश्रा के समर्थन में आयोजित जनसभाओं में कहा कि देश के साथ-साथ प्रदेश का भी निरंतर विकास हो रहा है। देश के साथ ही प्रदेश में भी खुशहाली आए, यहां का हर नागरिक खुशहाल रहे, इसकी गारंटी हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दे रहे हैं। जबकि कांग्रेस के लोग इतनी मोटी चमड़े के हो गए हैं कि अयोध्या में वे भगवान श्रीराम के प्रमाण पूछते हैं। उन्हें ये नहीं पता कि भगवान श्रीराम का जन्म वहीं हुआ था और वे अयोध्या के राजा थे। कांग्रेस के लोग भारतीय संस्कृति, सनातन संस्कृति को लज्जित करने का काम कर रहे हैं। हम हमारे देवी-देवताओं का अपमान किसी भी हाल में सहन नहीं करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि देश और प्रदेश में चुनाव का माहौल बना हुआ है।

## दिग्गजों की सीट और फैसले की घड़ी

इस तीसरे चरण में कई महत्वपर्ण सीटों पर चुनाव हैं। इनमें भोपाल समेत राजगढ और मुरैना भिंड व ग्वालियर शामिल हैं। राजगढ में दिग्विजय सिंह करीब 33 साल बाद लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि भोपाल में तीन दशक से भाजपा का कब्जा है और इस बार कांग्रेस के अरूण श्रीवास्तव का मुकाबल भाजपा के आलोक शर्मा से है। भिंड और मुरैना से लेकर ग्वालियर तक कांग्रेस भाजपा में सीधी टक्कर है।

## भोपाल में आज से पुख्ता तैयारियां, सघन चैकिंग

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ भोपाल में आज से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आचार संहिता लागू होने के बाद फिलहाल बड़ी मात्रा में नकदी लेकर चलने पर पाबंदी है। इसके लिए शहर के भीतर व सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष चेकिंग प्वाइंट्स बनाए गए हैं, जहां स्टेटिकल सर्विलांस टीम (एसएसटी) की टीमें सघन चेकिंग कर रही हैं। अगर कोई 50 हजार रुपये से अधिक नकद रुपये लेकर कहीं जा रहे हैं तो उसका ब्यौरा भी अपने साथ रखना जरूरी होगा। वरना रकम जब्त हो सकती है। जिले में उड़नदस्ता ने अलग-अलग क्षेत्रों में वाहनों की जांच शुरू कर दी है। हालांकि राशि का सबूत दिखाने पर वापस कर दी जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि आम लोग अगर 50 हजार से अधिक नकदी लेकर जाते हैं, तो उन्हें प्रमाण देना पड़ेगा। इसी तरह सोना और चांदी के जेवर लेकर जा रहे हैं तो उनका बिल भी साथ रखें।

## इन दस्तावेजों की होगी आवश्यकता

आम लोगों और व्यापारियों को 50 हजार से अधिक नकदी ले जाने पर सही माध्यम और उपयोग का प्रमाण देना होगा। इसके लिए उन्हें बैंक निकासी रसीद और व्यापारी की पावती या बिल्टी दिखाना पड़ेगी। नकद लेकर जा रहे व्यक्ति का पहचान पत्र और धन के लेनदेन से उसके संबंध का प्रमाण देना होगा। जैसे बैंक निकासी की पर्ची या मैसेज, जिससे ये साबित हो सके कि नकद कहां से आ रहा है और कहां भेजा जा रहा है।

## विदिशा में नामांकन कराने पहुंचे पटवारी-तन्खा





प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव आज विदिशा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा की नामांकन रैली में शामिल होने के लिए रायसेन पहुंचे हैं। संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि उक्त नेता विदिशा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा की नामांकन रैली में शामिल होंगे। अपरांह तीन बजे के आसपास शर्मा का नामांकन होगा

**मेट्रो एंकर**

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मप्र सरकार की ओर से लगाया था आवेदन

# बीएड डिग्रीधारी पुराने प्राथमिक शिक्षकों की नौकरी पर खतरा नहीं, लेकिन ब्रिज कोर्स करना होगा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**प्रदेश के सरकारी स्कूलों में बीएड की डिग्री के आधार पर वर्षों से नौकरी कर रहे प्राथमिक शिक्षकों की नौकरी कभी खतरे में नहीं पड़ेगी। ये नौकरी करते रहेंगे लेकिन साथ में इन्हें एक निर्धारित अवधि में ब्रिज कोर्स करना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने मप्र सरकार की ओर से लगाए आवेदन पर सुनवाई करते हुए 8 अप्रैल को यह कहा है।**

असल में उक्त डिग्री के आधार पर प्राथमिक शिक्षक बने कई शिक्षक पिछले एक वर्ष से परेशान थे। इसकी वजह सुप्रीम कोर्ट में लगाई गई याचिका थी। जिसमें बीएड की डिग्री को प्राथमिक शिक्षकों के लिए मान्य न करते हुए बीटीसी और डीएलएड को मान्य करने और उक्त डिग्री-डिप्लोमाधारियों को प्राथमिकता देने का अनुरोध किया था।

इस बीच एनसीटीई ने एक अधिसूचना निकाली थी। जिसमें बीएड डिग्रीधारियों को प्राथमिक शिक्षक के लिए योग्य माना गया था। यह 2018 में निकाली थी इस पर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लगाकर आपत्ति जताई गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त 2023 में कहा था कि बीएड डिग्री धारक प्राथमिक शिक्षक के लिए योग्य नहीं माने जाएंगे, बल्कि प्राथमिक शिक्षकों के पद के लिए बीटीसी और डीएलएड उम्मीदवारों को योग्य माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने उक्त अधिसूचना को रद्द कर दिया था।




### मप्र समेत कई राज्यों के शिक्षक हो गए थे परेशान

मप्र समेत कई राज्यों में पहले ही बीएड डिग्री धारियों को शासकीय स्कूलों में प्राथमिक शिक्षकों के रूप में चयनित किया जा चुका था और ये वर्षों से नौकरी भी कर रहे थे जो सुप्रीम कोर्ट के उक्त फैसले के बाद चिंता में पड़ गए थे।

### मप्र सरकार आई आगे

मप्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के सामने जनवरी 2024 में एक आवेदन दिया था जिसमें मांग की थी कि उक्त फैसले को पूर्व की नियुक्ति के संबंध में स्पष्ट किया जाए। इस आवेदन पर 8 अप्रेल 2024 को सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगस्त 2023 के पूर्व जो नियुक्ति बीएड डिग्री के आधार पर की जा चुकी है, उन पर उक्त फैसले का कोई असर नहीं पड़ेगा।



## संपादकीय

# उत्कृष्ट शिक्षा संस्थानों की सूची में जेएनयू

*हमारे देश में शिक्षा की व्यवस्था तथा उसके स्तर को लेकर अक्सर शिकायतें उभरती हैं। कहा जाता है कि देश के शैक्षणिक संस्थान दुनिया के उत्कृष्ट संस्थानों के बीच जगह बनाने में सफल नहीं हो पाते। काफी हद तक यह बात सही भी है कि इतने बड़े देश में कई शिक्षा संस्थान हैं लेकिन सभी का स्तर एक जैसा व उत्कृष्टता नहीं है। यह बात अन्य देशों पर भी लागू हो सकती है। बहरहाल, इस बार के क्यूएस विश्व सांस्थानिक मूल्यांकन और श्रेणीकरण में शिकायत काफी हद तक दूर हो गई है। क्योंकि पढ़ाई-लिखाई के मामले में दुनिया के उत्कृष्ट संस्थानों में दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय यानी जेएनयू को बीसवें स्थान पर रखा गया है। इस मायने में यह स्थान भारत में पहला है। उसके बाद भारतीय प्रबंधन संस्थान की अहमदाबाद, कोलकाता और बंगलुरु शाखाओं को क्रमशः पच्चीसवां और पचासवां स्थान मिला है। जेएनयू का दुनिया के बीस बेहतरीन संस्थानों में शुमार होना इसलिए भी संतोष और सम्मान की बात माना जाना चाहिये कि यह संस्थान पिछले कुछ वर्षों से लगातार कई अन्य वजहों से ज्यादा चर्चा और विवाद में बना रहा है। वह विद्यार्थी संगठनों के बीच हिंसक टकराव, प्रशासन की ज्यादतियों, कई अलग तरह के नजरियों, भेदभावपूर्ण व्यवहार के आरोपों आदि के चलते अधिक सुर्खियां बटोरता रहा। इतना कुछ होने के बावजूद वहां पढ़ाई-लिखाई का स्तर ऊंचा बना हुआ है, यह बात खासी प्रशंसनीय है। किसी भी शैक्षणिक संस्थान की प्रतिष्ठा इस बात से बनती है कि वह अपने विद्यार्थियों को कितने स्वतंत्र और तार्किक ढंग से सोचने, प्रतिक्रिया देने और नवोन्मेष के अवसर उपलब्ध कराता है।*

*जेएनयू की स्थापना ही शोध और अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई थी। उसके पाठ्यक्रम और पढ़ाई-लिखाई, परीक्षण आदि का तरीका इस तरह बनाया गया कि जिससे विद्यार्थियों में तार्किक क्षमता और अनुसंधान की प्रवृत्ति विकसित हो सके। इस मामले में उसका प्रदर्शन निराश करने वाला कभी नहीं देखा गया। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह शैक्षणिक संस्थानों पर राजनीतिक वर्चस्व की कोशिशें बड़ी हैं, उसमें अनेक संस्थानों की पढ़ाई-लिखाई के माहौल पर बुरा असर पड़ा है। जेएनयू पर भी इसकी छाया स्पष्ट देखी जा रही थी। मगर वहां के विद्यार्थियों और अकादेमिक लोगों ने तमाम उथल-पुथल के बीच भी विश्वविद्यालय के असल उद्देश्य को धूमिल नहीं होने दिया है, तो निस्संदेह इससे उसकी साख और बड़ी है। वैसे भी जेएनयू ने देश को कई ऐसे छात्र दिये हैं जो आगे चलकर बहुत प्रसिध्द हुए और अपने अपने क्षेत्रों में खूब नाम कमाते रहे तथा अब भी नामी हैं। कुल मिलाकर, किसी भी शैक्षणिक संस्थान की प्रतिष्ठा इस बात से बनती व बढती है कि वह अपने विद्यार्थियों को कितने स्वतंत्र और तार्किक ढंग से सोचने, प्रतिक्रिया देने और नवोन्मेष के अवसर उपलब्ध कराता है। दरअसल अमेरिका की हार्वर्ड यूर्निवर्सिटी की तर्ज पर बनाए गए जएनयू की अवधारणा के केंद्र में उत्कृष्टता, रचनात्मकता और बौद्धिकता की अनवरत तलाश प्रमुख है। इसमें रोमांच, प्रयोगधर्मिता और विषय की तह में जाने की जिद और छटपटाहट भी समाहित है। अब ताजा उपलब्धि के चलते इस बात पर भी खूब विचार होना चाहिये कि शिक्षा के बड़े परिसरों को सरकारी दखलंदाजी, वैचारिक आधार पर टकराव या अन्य कोई झमेलों से दूर रखा जाना चाहिए।*

## आज का कार्टून

साभार- माधव जोशी




## आज का इतिहास

- 1756 सात साल का युद्ध इस समय ब्रिटिश नियंत्रण में मिनोर्का ने फ्रांसीसियों पर आक्रमण किया
- 1776 चौथी उत्तरी कैरोलिना प्रांतीय कांग्रेस ने हैलिफ़ैक्स रिज़ोल्स पारित किया, जो अमेरिकी क्रांति के दौरान ब्रिटेन से स्वतंत्रता के लिए अमेरिकी उपनिवेशवाद में पहली आधिकारिक कार्रवाई थी।
- 1782 अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध-रॉयल नेवी ने सेंटेस लड़ाई में संयुक्त-स्पेनिश बेड़े को हराया, इसके बाद जमैका के नियोजित हमले को मजबूर किया।
- 1782 लेस सैंटेस वेस्ट-इंडीज की लड़ाई- ब्रिटिश बेड़े ने फ्रांसीसियों को हराया।
- 1796 प्रथम गठबंधन युद्ध - मोनेट की लड़ाई- नेपोलियन बोनापार्ट ने सेना कमांडर के रूप में अपनी पहली जीत हासिल की।
- 1798 हेलेटिक रिपब्लिक, एक फ्रांसीसी ग्राहक रिपब्लिकन, ने पुराने स्विस सम्मेलन के पतन के बाद फ्रांसीसी आक्रमण की घोषणा की।
- 1801 विलियम क्रे को फोर्ट विलियम कॉलेज, कलकत्ता (अब कोलकाता) में बंगाली का प्रोफेसर नियुक्त किया गया।
- 1831 इंग्लैंड के मैनचेस्टर में बरोटन सस्पेंशन ब्रिज कथित तौर पर पुल पर सैनिकों द्वारा प्रेरित एक यांत्रिक अनुनाद के कारण ढह गया।
- 1844 टेक्सन दूत ने संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ अनुबंध की एक संधि पर हस्ताक्षर किए।
- 1861 अमेरिकी गृहयुद्ध की शुरुआत करते हुए, कॉन्फेडरेट बलों ने दक्षिण कैरोलिना के चार्ल्सटन में फोर्ट सुमेर में गोलीबारी शुरू कर दी।
- 1885 मोहनजोदड़ो की खोज करने वाले प्रसिद्ध इतिहासकार राखलदास बनर्जी का जन्म हुआ था।

# चुनाव में भाषा का संयम एवं वचनों की मर्यादा जरूरी

**आज कुछ राजनीतिक दलों के नेता अपने विपक्षी राजनेता को 'पप्पू' जैसे शब्दों से ताना मारते हैं, तो कोई विपक्षी नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिये चौकीदार चोर है या चायवाला जैसे शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं....**

### ललित गर्ग

लोकसभा चुनावों जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, कई नेताओं की जुबान फिसलती जा रही है, वे राजनीति से इतर नेताओं की निजी जिंदगियों में तांक-झांक वाले, धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले ऐसे बोल बोल रहे हैं, जो न सिर्फ़ आपत्तिजनक हैं, बल्कि राष्ट्र-तोड़क है। चुनावी रैलियों में जनता के सामने अपने प्रतिद्वंद्वी को नीचा दिखाने के मकसद से ये नेता मर्यादा, शालीनता और नैतिकता की रेखाएं पार करते नजर आए हैं। गलत का विरोध खुलकर हो, राष्ट्र-निर्माण के लिये अपनी बात कही जाये, अपने चुनावी मुद्दों को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाये, लेकिन गलत, उच्छृंखल एवं अनुशासनहीन बयानों की राजनीति से बचना चाहिए। बड़ा सवाल है कि एक ऊर्जावान एवं दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में क्या वाकई अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल औचित्यपूर्ण है? चुनाव की तारीख तय होने एवं चुनावी पारा बढ़ने के बाद नेताओं के बयानों में तीखापन एवं हल्कापन आ गया है। एक तरफ गर्मी चुभन का अहसास करा रही है, तो दूसरी तरफ राजनीतिक हलकों में भाषायी अभद्रता एवं उच्छृंखलता घाव पर नमक छिड़क रही है। नेताओं को यह बात समझनी चाहिए कि सही तरीके से बोले गए शब्दों में लोगों को जोड़ने की ताकत होती है, जबकि गलत भाषा एवं बोल का इस्तेमाल राजनीतिक धरातल को कमजोर करता है।

नेताओं के बयान शालीनता एवं मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रही है। राहुल गांधी की 'शक्ति के खिलाफ लड़ाई' संबंधी टिप्पणी 'शक्ति से जुड़े धार्मिक मूल्यों का अपमान करने और कुछ धार्मिक समुदाय' के तुष्टीकरण के लिए धर्मों के बीच शत्रुता पैदा करने के 'दुर्भावनापूर्ण इरादे' को दर्शाती है। प्रारंभ में लालूप्रसाद यादव का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर परिवार विषयक आरोप भाजपा के लिये रामबाण औषधि बना है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत को लेकर किए पोस्ट में एक्ट्रेस की फोटो के साथ भद्दा कमेंट महिला-शक्ति का अपमान बना है। ईवीएम के बारे में राहुल गांधी की टिप्पणी के लिए निर्वाचन आयोग से उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की जा रही है और कहा जा रहा है कि तथ्यों के सत्यापन के बिना इस तरह का 'दुष्प्रचार और गलत सूचना' राष्ट्रीय अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए नुकसानदायक है। ईवीएम और निर्वाचन आयोग के बारे में भ्रामक टिप्पणी 'लोक अव्यवस्था पैदा करने के इरादे' से की गई हैं। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव के चरण आगे बड़ रहे हैं, विवादास्पद बयानों की झड़ी भी लगने लगी।

हमारे देश की राजनीति में संयमित भाषा एवं अनुशासित बोल-बयान एक महत्वपूर्ण अंग होती है। लोकतंत्र में उसी नेता का बोल-बाला होता है, जिसकी भाषा एवं वचनों पर पकड़ मजबूत होती है। आजादी के बाद देश में जिस प्रकार राजनीति में



बदलाव आता गया, उसी प्रकार राजनेताओं की भाषा और आरोप-प्रत्यारोप की शैली भी बदलती गई। आज कुछ राजनीतिक दलों के नेता अपने विपक्षी राजनेता को 'पप्पू' जैसे शब्दों से ताना मारते हैं, तो कोई विपक्षी नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिये चौकीदार चोर है या चायवाला जैसे शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। क्या हमारे देश की राजनीति में मर्यादा नाम का कोई शब्द बचा हैड़ ऐसी अभद्र भाषा का उपयोग करने से पहले हमारे ये राजनेता जरा भी नहीं सोचते कि उसका उनकी पार्टी पर क्या प्रभाव पड़ सकता है।

भारतीय राजनीति में स्तरहीन, हल्की और सस्ती बातें कहने का चलन काफी समय से है। लेकिन पिछले दो दशकों में यह वीभत्स रूप धारण कर चुका है। उस समय जब राम मनोहर लोहिया ने इंदिरा गांधी को गूंगी गुड़िया कहा था तो काफी विवाद हुआ और बड़ी तादाद में लोगों ने लोहिया का विरोध किया। कांग्रेस के अध्यक्ष खड़गे भी काफी कुछ बोल चुके हैं और उनका पीएम मोदी के लिए रावण वाला बयान काफी चर्चा में रहा है। लेकिन सबसे ज्यादा हल्की बात कहते हैं मणिशंकर अय्यर। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के लिए बहुत ही सस्ते शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने तो नीच, कातिल जैसे शब्दों का खुलेआम इस्तेमाल किया था जिसमें उनकी हताशा साफ झलकती है। कड़वे एवं गलत बयानी के मामले में कांग्रेसियों की तो सूची काफी लंबी है। चाहे वह अधीर रंजन हों या दिग्विजय सिंह या फिर संजय निरुपम और प्रियंका गांधी। आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने तो सारी हदें पार कर दी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने ईवीएम की निंदा 'चोर' के रूप में की थी। सभी ने मौका देखकर बेहद हल्के शब्दों का इस्तेमाल किया, जिससे उनकी खीझ एवं बौखलाहट का पता चलता है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि मोदी और उनकी पार्टी ने ऐसे अमर्यादित शब्दों और टिप्पणियों को अपने लाभ के लिए इस्तेमाल किया। उन्होंने अपने करोड़ों समर्थकों के सामने इन शब्दों और उन्हें बोलने वालों के खिलाफ माहौल बना दिया। नरेन्द्र मोदी को चाय वाला कहकर उनका उपहास उड़ाने वाले विपक्षियों को तो उन्होंने अपने कार्यों और उपलब्धियों से आईना दिखा दिया। आज चाय वाला शब्द मेहनतकश लोगों के सम्मान का प्रतीक बन गया है।

मतदाताओं को आकर्षित एवं अपने पक्ष में करने के फेर में राजनीति को रसातल में धकेलने की मानो होड़ मची हुई है। क्षणिक रोमांच एवं तत्काल चुनावी लाभ के लिए मर्यादा को तार-तार करने वाले इन नेताओं को आत्म-चिंतन की सख्त जरूरत है। मर्यादित भाषा में विभिन्न दलों और नेताओं की आलोचना इस देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की खूबसूरती है। भाषा की मर्यादा और वाणी में संयम भारत के लोकतंत्र का आधार है। बेलगाम भाषा से क्षणिक प्रचार और सुर्खियां बटोरना सम्भव है लेकिन अतीत में ऐसे कई उदाहरण मौजूद हैं जो ये दर्शाते हैं कि ऐसे नेताओं को जनता भी कुछ समय बाद ही भूल जाती है। नेताओं को हर हालत में भाषा की मर्यादा एवं शालीनता को बनाए रखना चाहिए। भले ही चुनाव का वक्त आसमान से तारे तोड़ लाने के वायदे करने का वक्त है और खामियों को दबाने और उपलब्धियों के बखान का वक्त है। लेकिन यह सब करते हुए भाषा की शालीनता एवं कड़वे बोल से बचने की जरूरत है। यह वक्त मतदाता के जागने एवं विवेक से मतदान करने का भी है। वह अच्छे-बुरे का फर्क करके तार्किक आधार पर अपने बेशकीमती मत का उपयोग करे। विडंबना ही है कि अमृतकाल से गुजरते देश में मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग विष और अमृत के भेद को पूरी तरह महसूस नहीं कर पाया है। नेताओं के गलत, बेबुनियाद एवं तथ्यहीन बयानों कर सत्यता को जाने बिना उन पर विश्वास कर मतदाता लोकतंत्र को कमजोर करता है। भारतीय राजनीति में दागियों का दखल और धनबल का बड़ता वर्चस्व यही बताता है कि हमारा मतदाता इन संवेदनशील मुद्दों के प्रति जागरूक नहीं हो पाया है। निश्चित रूप से मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो वोट डालने घर से नहीं निकलता। जो बड़ा तबका निकलता भी है वह भी धर्म, जाति, क्षेत्र और धनबल से रचे सम्मोहन से मुक्त नहीं हो पाता।

विशेषतः दक्षिण भारत की राजनीति में भाषा को राजनीतिक औजार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। तमिलनाडु के नेता इसी भाषाई आग्रह के साथ कब और क्या बोल दें, यह कोई नहीं जानता। इससे समस्याएं पैदा हो जाती हैं। ऐसे ही कुछ मामलों की चर्चा आज भी होती है। इसी कड़ी में चुनाव प्रचार के दौरान एक नेता की टिप्पणी चर्चा का विषय बनी हुई है। इस तरह के बयानों से बना बनाया खेल बिगड़ जाता है और निजी छवि भी धूमिल हो जाती है। फिर अगर आप बड़े पद पर हैं और आपको हजारों लोग फॉलो करते हैं तो भाषा संयम और मर्यादा अत्यंत जरूरी हो जाती है। द्रविड़ राजनीति में गाहे-बगाहे ऐसे अवसर आते रहते हैं जब मंच से नेता वाहवाही बटोरने के लिए ऐसा कुछ कह जाते हैं, जिससे न केवल उनकी बल्कि पार्टी की भी फजीहत होती है। एक वर्ग को खुश करने की चाह में और अपने आला नेता की चाटुकारिता में बिना सोचे समझे बोलने के गंभीर परिणाम होते हैं। हकीकत यह है कि यह प्रवृत्ति पूरे देश में बड़ रही है। कौन सा नेता कब वाणी का संयम खो दे, कहा नहीं जा सकता।

**- साभार**

# मुद्दों से दूर भागता आम चुनाव

### राकेश अचल

मेरी याददाश्त में देश में ये पहला और शायद आखिरी आम चुनाव है जो कि जनता के मुद्दों से दूर भागता नजर आ रहा है। देश के मतदाताओं से सीधे जुड़े मुद्दों पर बातचीत करने के बजाय ऐसे मुद्दों पर विमर्श को केंद्रित करने की कोशिश की जा रही है जो न केवल अप्रासंगिक हैं बल्कि उनका आज की तारीख में देश और देश की जनता से कोई लेना-देना नहीं है। लोकतंत्र में जनता को भटकाना यानि लोकतंत्र को भटकाना एक गंभीर अपराध है ,लेकिन लोग हैं कि ये अपराध सीना ठोंक कर कर रहे हैं।

इस समय देश में अठारहवीं लोकसभा के लिए चुनाव की प्रक्रिया जारी है। इनमें से कम से कम 14 आम चुनावों का मैं चश्मदीद हूँ और कम से कम एक दर्जन आम चुनावों का कव्हरेज एक पत्रकार के नाते मैंने किया है। लेकिन ये पहला मौका है जब आम चुनावों को मुद्दों से भटकाने की एक सुनियोजित कोशिश की जा रही है। दुर्भाग्य ये है कि ये कोशिश वे राजनीतिक दल कर रहे हैं जो न सिर्फ जिम्मेदार माने जाते हैं बल्कि पिछले एक दशक से भारत के भाग्यविधाता भी बने हुए हैं। विपक्ष जैसे-तैसे आम चुनावों को मौजूदा मुद्दों पर लेकर आता है सत्ता पक्ष झटके में अतीत की एक कब्र खोदकर उसमें से अपने मतलब का एक कंकाल निकाल लाता है ,वो भी आधा-अधूरा और जनता को मुद्दों से भटका देता है।

तीसरी बार सत्ता में आने के लिए कटिबद्ध भाजपा के तरकस से लगभग सभी तीर निकल चुके है। राम मंदिर बन गया,जम्मू-कश्मीर को खंड-खंड कर वहां से अनुच्छेद 370 का विलोप हो गया, तीन तलाक पर कानून बन गय। नारी शक्ति की वंदना हो गयी। समान नागरिकता कानून का शिगूफा भी छोड़ा जा चुका है और अब



जब कुछ नहीं बचा तो भाजपा के विद्वान रणनीतिकार अतीत की कब्र खोदकर श्रीलंका और भारत के बीच 1974 में हुए एक सीमा समझौते को खोज लाये। जिसे पिछले एक दशक से न भाजपा नेता जानते थे और न देश की जनता। अब भाजपा कच्चादीव विवाद खड़ा कर दक्षिण के तमिल मतदाताओं की भावनाओं को कुरेदना चाहती है।

भाजपा के नेतृत्व को भलीभांति पता है कि वो अपनी पार्टी की सरकार की कथित उपलब्धियों के बूते से मौजूदा आम चुनाव नहीं जीत सकती। भाजपा ने इस बार गलती से तीसरी बार सत्ता में आने के लिए न सिर्फ चुनाव जीतने का बल्कि अपने लिए अखंड शक्ति हासिल करने के मकसद से 400 पार का नारा और दे दिया है। हकीकत ये है कि भाजपा की नाव मझदार में है । उसके लिए पिछले आम चुनाव में मिली कामयाबी के कीर्तिमान को ही बनाये रखना कठिन हो रहा है। चार सौ पार की बात तो दूर की कौड़ी है। गौर कीजिये कि जब से कांग्रेस का चुनाव घोषणा पात्र 'न्याय पत्र' के नाम से सामने आया है तभी से भाजपा के पहले दर्जे के नेताओं ने कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र की तुलना मुस्लिम लीग से कर दी है। दुनिया जानती है कि इस देश में अब मुस्लिम लीग का कोई वजूद नहीं है। भाजपा के शीर्ष नेताओं ने ये टिप्पणी खीजकर की है। इससे बहुसंख्यक खुश नहीं हुए और अल्पसंख्यक दुखी जरूर हो गए। भाजपा यही करना चाहती है। भाजपा को पता है कि भाजपा लाख कारीगरी कर ले देश का अल्पसंख्यक उसके ऊपर भरोसा नहीं कर सकता।

दरअसल अठारहवीं लोकसभा के लिए होने वाले चुनावों में मुद्दा भ्ष्र्टाचार होना था । भ्ष्र्टाचार को संरक्षण देने वाले दल होना चाहिए था । इलेक्टोरल बांड से जुटाया जाने वाला धन होना चाहिए था। सरकार अपनी उपलब्धियों पर और विपक्ष सरकार की असफलताओं पर चुनाव लड़ता तो वास्तविक चुनाव होता। दुर्भाग्य ये है कि ये सब सत्तापक्ष होने नहीं देना चाहता। सत्तापक्ष मौजूदा विपक्ष को तो छोड़िये पचास साल पहले की सरकारों के फैसलों पर सवाल खड़े कर जनता को भ्रमित करना चाहता है। ऐसा किसी देश में नहीं होता। भारत में भी ऐसा कभी नहीं हुआ । न आपातकाल के बाद बनी पहली गठबंधन की सरकार ने ऐसा किया और न भाजपा के नेतृत्व में अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार ने ये अपराध किया। अटलजी ने अतीत की कब्रें नहीं खोदीं । वे अपनी सरकार की उपलब्धियों पार चुनाव लड़े। 'शाइनिंग इंडिया' उनका नारा था। आज की भाजपा सरकार अटल जी की सरकार का हश्र देख चुकी है ,इसलिए अपनी उपलब्धियों के बूते चुनाव न लड़कर अप्रासंगिक, निराधार और निरर्थक मुद्दों को सामने रखकर चुनाव लड़ रही है। पिछले एक दशक में अपने लगभग सभी प?ौसियों से रिश्ते बिगा? चुकी भाजपा सरकार के सामने अब ग? मुर्दे उखा?ने के अलावा जनता का समाना करने का कोई दूसरा विकल्प बचा ही नहीं है। भाजपा ने पिछले 10 साल में केवल और केवल चुनाव ल?ा है । देश को मजबूत करने के बजाय पार्टी को मजबूत किया है। भ्ष्र्टाचार के खिलाफ ल?ाई का भाजपा का नारा महज एक धोखा साबित हुया है ,क्योंकि भाजपा ने हाल के वर्षों में कांग्रेस के जमाने के सबसे भ्ष्र्टतम नेताओं को अपने साथ मिलाकर उन्हें मंत्रिपद और राज्य सभा भेजा है उसे पूरे देश ने देखा है। देश की कमान कौन सम्हाले और कौन नहीं ,इससे हम जैसे लोगों पर कोई ?ास फर्क नहीं प?ने वाला लेकिन आम जनता और देश के भविष्य पर इसका दूरगामी प्रभाव अवश्य पडेगा। मुमकिन है कि देश सचमुच विश्व गुरु बन जाये और मुमकिन है कि सचमुच भारत की और दुर्दशा हो जाय। भारत की जनता को 1975 के आपातकाल से भी बुरे दिन देखना पड़ जाएं, वो भी बिना आपताकाल की औपचारिक घोषणा किये बिना। भारत की जनता ने 2014 में बुरे दिनों से बाहर निकलने और अच्छे दिन लाने के लिए भाजपा को वोट दिया था ,लेकिन भाजपा ने जो वादा किया था,उसे निभाया नहीं, उलटे जनता को फुसलाकर 2019 में भी उसका बहुमूल्य वोट हासिल कर लिया। मतदान अवश्य कीजिये और अपना तथा अपने देश का ख्याल रखिये।

**- साभार यह लेखक के अपने विचार हैं।**

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कुर्सी दौड़ का आयोजन किया

# बाईखेड़ी में मतदान के संकल्प के साथ स्व सहायता समूह की महिलाओं ने ली सेल्फी



**नर्मदापुरम. दोपहर मेट्रो।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जिले में मतदाता जागरूकता अभियान की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी तारतम्य में जनपद पंचायत नर्मदापुरम के ग्राम बाईखेड़ी में सचिव नीलम ठाकुर एवं ग्राम रोजगार सहायक दिनेश चौरे के नेतृत्व में स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता पर चर्चा कर एवं कुर्सी दौड़ का आयोजन करके मतदान करने के लिए मतदाताओं जागरूक किया गया। साथ ही विधानसभा सिवनीमालवा के ग्राम बाईखेड़ी के मतदान केन्द्रं क्रमांक 203 में दिनेश चौरे बीएलओ के द्वारा बताया गया कि केन्द्र पर 878 मतदाता हैं विगत विधानसभा निर्वाचन 2023 में यहां पर 75 प्रतिशत मतदान हुआ था लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिये विभिन्न गतिविधियां की जा रही हैं एवं प्रयास किया जा रहा है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान दिवस 26 अप्रैल को नागरिक मतदान करने आयें एवं शत प्रतिशत मतदान हो। जागरूकता अभियान में स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।



## जनपद पंचायत नर्मदापुरम के ग्राम चिल्लई में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**नर्मदापुरम.** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जनपद पंचायत नर्मदापुरम के ग्राम चिल्लेई में सचिव सुनील चौधरी एवं ग्राम रोजगार सहायक नीरज चौरे के नेतृत्व में पूरे ग्राम में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान करने की अपील की गई। मतदाता जागरूकता रैली के बाद सभी के द्वारा सेल्फी लेकर मतदान करने के लिये संकल्प लिया। विधानसभा सोहागपुर के पोलिंग बूथ क्रमांक 162 शासकीय प्राथमिक शाला चिल्लेई के बीएलओ ग्राम रोजगार सहायक नीरज चौरे हैं आपने बताया कि मतदान केन्द्र पर 632 मतदाता है जिसमें 322 पुरूष एवं 310 महिला मतदाता हैं ग्राम में 85 वर्ष से अधिक आयु के 7 मतदाता हैं जिसमें 4 मतदाता पोलिंग बूथ पर मतदान करेंगे एवं 3 मतदाताओं के फार्म डी भरवाये गये हैं जिनसे घर पर ही वोटिंग कराई जायेगी श्री चौरे ने बताया कि विगत विधानसभा निर्वाचन 2023 में भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया था जिसके परिणाम स्वरूप 89.6 प्रतिशत मतदान हुआ था इस बार लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। रैली में पटवारी अनुराधा सोनी, प्रधान पाठक अनिल बस्तवार, शिक्षक सम्येन्द्र तिवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संध्या मीना, आंगनवाड़ी सहायिका किरण पटैल, आशा कार्यकर्ता माया गुरेले शामिल थे।

## कांग्रेस खत्म, भाजपा ही भाग्य और भविष्य : शिवराज

**इछावर।** विदिशा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को अपनी संसदीय क्षेत्र व राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा की इछावर विधानसभा पहुंचे, जहां उन्होंने एक आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस एक खत्म पार्टी है और उसके बड़े-बड़े नेता अपनी-अपनी सीट छोड़कर भाग रहे हैं। कांग्रेस के मुख्य नेतृत्व के रायबरेली से लड़ने वाले नेता अपनी सीट छोड़कर दक्षिण में जा रहे हैं। साथियों अपने को जीत का अंतर बढ़ाने के लिए जिन परिवारों ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को वोट दिया था, उन्हें चिन्हित कर उनसे बात करनी है कि कांग्रेस को वोट देकर क्यों अपना वोट बेकार कर रहे हो और ऐसे परिवारों से लगातार संपर्क में रहना है। यह तय करना है कि वह किसके कहने से अपने वोट को पलट सकते हैं। यदि वह मंत्री के कहने से अपने वोट को पलट सकते हैं तो मंत्री की उनसे बात कराएं, आपको लगता है कि वह मेरे कहने से अपने वोट को पलट सकते हैं, तो आप मेरी उनसे बात कराओ, मैं भी उनसे बात करूंगा। भाजपा ही देश का भाग्य और भविष्य है। इस बार हम 400 से ज्यादा सीट जीतेंगे और आप सभी का सपना राष्ट्र को परम वैभव पर पहुंचाएंगे।

### अब मैं केंद्र पहुंचकर आपकीसेवा करूंगा

जनसभा को संबोधित करते हुए शिवराज ने कहा कि अब मैं केंद्र सरकार में पहुंच कर आपकी सेवा करूंगा और राज्य में आपकी सेवा करने के लिए हमने राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा को बैठाया है। वैसे तो क्षेत्र में संपूर्ण विकास है, यदि कहीं कुछ रह गया है तो आप निश्चिंत रहिए और मुझ पर विश्वास रखिए, जो और जैसा आप बोलेंगे वैसा विकास इछावर क्षेत्र में किया जाएगा। इछावर और बुदनी दो विधानसभा मेरे संसदीय क्षेत्र में है। अब आपकी जिम्मेदारी बनती है कि कौन सी विधानसभा मुझे कितने अधिक वोटो से जिताएगी।

### तीसरे चरण के लिए 12 अप्रैल से भरे जायेंगे नाम निर्देशन पत्र लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-18 विदिशा, एवं-19 भोपाल के लिए

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया है कि तीसरे चरण में मध्यप्रदेश के 9 लोकसभा क्षेत्रों में 12 अप्रैल से नाम निर्देशन पत्र भरे जायेंगे। उन्होंने बताया कि तीसरे चरण में लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-18 विदिशा, क्रमांक-19 भोपाल, में मतदान कराया जायेगा। तीसरे चरण के लिए निर्वाचन अधिसूचना शुक्रवार, 12 अप्रैल को जारी होगी। प्रत्याशियों द्वारा इसी दिन से नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये जाएंगे। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि शुक्रवार, 19 अप्रैल है। इसके अगले दिन शनिवार, 20 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र भर चुके प्रत्याशी सोमवार, 22 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। तीसरे चरण के लिए मंगलवार, 7 मई को मतदान होगा। मतदान की मतगणना मंगलवार, 4 जून को होगी।

# महिलाओं ने पति की दीर्घायु और युवतियों ने योग्यवर की कामना के साथ ईसर-गोर को दी विदाई

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**



सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु, सुखद जीवन की कामना और अविवाहित युवतियों ने योग्यवर पाने की कामना के लिए किए गए 16 दिवसीय गणगौर पर्व का गुरुवार को समापन हुआ। चैत्र शुक्ल पक्ष तीज को सुबह महिलाओं और युवतियों ने सजधज कर पूर्ण श्रद्धा भक्ति के साथ गोर गोर गोमती, ईसर पूजे पार्वती के गीत गाते हुए श्री सीताराम मंदिर में ईसर गोर की पूजा अर्चना की। साथ ही कुमकुम, हल्दी, मेहंदी के टीके देकर गणगौर पर्व का समापन किया गया। शाम 5ः00 बजे श्री सीताराम मंदिर कल्लू चौक से बैंड बाजे के साथ पूर्ण श्रद्धा भक्ति और उत्साह से ईसर गोर की प्रतिमाओं को दूल्हा-दुल्हन के रूप में सजाकर मारवाड़ी महिलाओं ने अपने सिर पर रखकर नगर के मुख्य मार्ग से नाचते गाते हुए शोभायात्रा निकाली। जो स्थानीय राम वाटिका पर जाकर समाप्त हुई। जहां झाले वारने के बाद ईसर गोर को अपने अपने पतियों का नाम लेकर पानी पिलाकर ज्वारे की बाड़ियों को विसर्जित किया। शोभा यात्रा का नगर में विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में ब्राह्मण समाज, माहेश्वरी समाज, अग्रवाल समाज, जैन समाज सहित सकल मारवाड़ी महिलाएं, युवतियां, बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### सामान्य प्रेक्षक ने किया सुविधा सेल का निरीक्षण

# सुविधा सेल से चुनाव प्रचार वाहनों को तत्काल अनुमति की व्यवस्था



**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो।** होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ. प्रतीम बी यशवंत ने कलेक्ट्रेट में स्थापित सुविधा सेल का निरीक्षण किया। सुविधा सेल के सहायक नोडल अधिकारी आनन्द झेरवार ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के अतंर्गत संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद के लिए अभ्यर्थियों को आवेदन करने के दिन ही निर्धारित समय से पहले ही सुविधा सेल से अनुमति प्राप्त हो रही है। सुविधा सेल में निर्वाचन अभिकर्ताओं द्वारा अपने अभ्यर्थी एवं दल के लिए चुनाव प्रचार वाहन की अनुमति मांगी जाती है।

आवेदन करने के 24 घंटे में ही सेम डे अनुमति निर्वाचन अभिकर्ताओं को प्राप्त करा दी जाती है। निर्वाचन अभिकर्ता जब वाहन की अनुमति लेने आते है तो वाहन का नंबर, वाहन का बीमा, रजिस्ट्रेशन, ड्रायवर का लायसेंस, पीओसी सर्टिफिकेट आदि की जानकारी देता है। आवेदन करने के 24 घंटे मे ही अनुमति देने का प्रावधान है। लेकिन सुविधा सेल सभी प्रमाण पत्रों की जांच कर सेम डे ही अनुमति दे देता है। ऐकल विन्डों के माध्यम से विभिन्न विभागों से एनओसी लेकर तत्काल अनुमति जारी की जाती है। सामान्य प्रेक्षक को अवगत कराया गया कि हेलीकॉप्टर लेडिंग की अनुमति भी समय सीमा में दे दी जाती है। सामान्य प्रेक्षक डॉ. प्रतीम बी यशवंत ने सुविधा सेल के कार्यो की सराहना की। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डी.के. सिंह, एसडीएम इटारसी टी प्रतीक राव मौजूद थे।

### महात्मा ज्योतिबा फुले के 197वे जन्मोत्सव पर हुआ भव्य आयोजन

# फुले जन्मोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।** नर्मदापुरम संयुक्त माली सैनी सामाजिक कल्याण समिति नर्मदापुरम द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले के 197वे जन्मोत्सव पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन चक्कर रोड स्थित स्वयंवरम गार्डन में किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर मालार्पण कर चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल से पधारे से.नी. ए.डी.एम. जी.पी. माली उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले कई वर्षों पहले सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जो संघर्ष किया, कई प्रकार के सामाजिक बंधन से पिछड़े एवं गरीबों को न्याय दिलाया, शिक्षा के क्षेत्र में जिस प्रकार इन्होंने संघर्ष किया, उनके जीवन से हमें प्रेरणा लेते हुए प्रेरणा हुए उनके आदर्श विचारों को अपने अंदर ग्रहण करना चाहिए। जी.पी. माली ने समिति के सभी सदस्यों को सफल आयोजन की बधाई हेतु देते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सागर से पधारे से.नी. इंजीनियर रमेश कुमार सैनी ने मंच से सम्बोधित करते हुए कहा कि महात्मा फुले की 197 वीं जयंती के अवसर पर संयुक्त माली सैनी सामाजिक कल्याण समिति नर्मदापुरम द्वारा आयोजित समारोह में संभाग के माली समाज के प्रतिभाशाली छात्रों को प्रोत्साहित करना,महात्मा फुले के आदर्शो को आगे बढ़ाने की दिशा में बहुत ही सराहनीय कदम है, क्योंकि उनका सबसे बड़ा समर्पण शिक्षा पर ही था, और सराहनीय इसलिए भी है कि लगातार 12 वर्षो से यह आयोजन लगातार किया जा रहा है।

माली सैनी समाज नर्मदापुरम के अध्यक्ष अजय सैनी ने अपने सम्बोधन में कहा की महात्मा ज्योतिबा फुले सामाजिक परिवर्तन के क्रान्तिकारी नेता थे। आप स्त्री शिक्षा के अग्रदूत रहे, फुले एक महान विचारक, समाज सुधारक, लेखक एवं सत्य शोधक समाज के संस्थापक थे। आपके जीवन में आपने अनेक प्रकार के संघर्षो गुजरते हुए समस्त जगत में स्त्री शिक्षा की एक अलख जगाई जो अतुल्यनीय है।

समिति के सहसचिव एवं मीडिया प्रभारी अंकित सैनी ने जानकारी देते हुए बताया समिति द्वारा पिछले 11 वर्षो से यह आयोजन किया जा रहा है। जिसमे माली सैनी समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान किया जाता है इस वर्ष कक्षा 10वी में अच्छे अंक लाने पर वंशिका मौर्य, रागनी सैनी, रोशनी सैनी, न्यासा सैनी, शिवानी सैनी, सुनील कुमार सैनी, मोहित सैनी, संदीप सैनी को एवं कक्षा 12वी में अच्छे अंक लाने पर आयुषी सैनी, तनिष्क सैनी, कृष्ण कुमार सैनी को ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देकर प्रोत्साहित किया गया।

इनके अतिरिक्त विशेष पुरुस्कार के रूप में माली समाज मे सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर रुचि सैनी को स्वर्गीय श्रीमती जमना सैनी पति यादराम सैनी की स्मृति में, आकाश सैनी को स्वर्गीय श्रीमती पूना सैनी पति फूलचन्द सैनी की स्मृति में, यश सैनी को स्वर्गीय सीताराम सैनी की स्मृति में एवं सामाजिक सरोकार में विशेष योगदान देने हेतु राममोहन सैनी ग्राम रायपुर को स्वर्गीय श्याम सैनी की स्मृति में पुरुस्कृत किया गया।

**मेट्रो एंकर**

### शासकीय बेवसाईट एवं शासकीय कार्यालयों से पॉलिटिकल एक्जीक्यूटिव के फोटो हटेंगे

# जिले के 10 लाख से अधिक मतदाता तीन संसदीय क्षेत्र के सांसद चुनने में महत्पूर्ण भूमिका अदा करेंगें

**सीहोर, दोपहर मेट्रो।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की तारीखों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता भी पूरी तरह से प्रभावशील हो गई है। जिसका सख्ती से पालन कराया जाएगा। भोपाल संसदीय क्षेत्र-19 भोपाल के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र सीहोर-159 में 265 मतदान केन्द्रों के माध्यम से 223671 मतदाता अपने मतधिकार का प्रयोग कर भोपाल संसद का चुनाव करेगें। इसी प्रकार संसदीय क्षेत्र 18 विदिशा के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र 156- बुधनी में 363 मतदान केन्द्रों के माध्यम से 276599 मतदाता और इछावर में 275 मतदान केन्द्रों के माध्यम से 226913 मतदाता विदिशा संसदीय क्षेत्र के सांसद का चुनाव करेगें। देवास संसदीय क्षेत्र 21 के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र 157 आष्टा में 335 मतदान केन्द्रों के माध्यम से 279449 मतदाता अपने मतधिकार का प्रयोग कर देवास सांसद का चुनाव करेगें। शासकीय व्यय पर किसी भी योजना का नया विज्ञापन, होर्डिग्स प्रचार नहीं किया जावेगा । शासकीय बेवसाईट एवं शासकीय कार्यालयों आदि से पॉलिटिकल एक्जीक्यूटिव के फोटो हटाना है। आमसभा, रैली, रोड-शो केवल अनुमति से की जा सकेगी। लाउड स्पीकर का उपयोग सक्षम अनुमति से किया जावेगा । रातः 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा।

**शासकीय वाहनों का दुरूपयोगः** शासकीय वाहनों का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जा सकेगा। मंत्रियों, निकायों के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष आदि के लिए शासकीय वाहन का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।प्रधानमंत्री एवं अन्य राजनेता जिन्हें उच्च स्तर की सुरक्षा प्रदान की गई है, को इस प्रतिबंध से छूट रहेगी ।स्वायत संस्थानों, संगठनों के प्रतिनिधि निवास से कार्यालय तक जाने के लिए शासकीय वाहनका प्रयोग कर सकेगे। जैसे रिर्जव बैक, विश्वविद्यालय तथा कॉलेज आदि अन्य संस्थाऐ।यदि शासकीय वाहन का दुरूपयोग पाया जाता है तब अन्य कार्यवाहियों के साथ जप्त भी किया जावेगा। शासकीय कार्यालयों/अधिकारियों द्वारा आउटसोर्स, किराया आदि सभी प्रकार के वाहन शासकीय माने जायेंगे।

**आदर्श आचार संहिता का प्रभावशील होनाः** शासकीय योजनांए एवं निर्माण कार्यनई योजनाओं की घोषणा, कार्यक्रम, परियोजना वित्तीय सहायता, लोकार्पण, शिलान्यास पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगे।शासकीय योजनाओं के अंतर्गत नई स्वीकृति नही की जावेगी ।हितग्राही मूलक योजनाओं की समीक्षा पॉलिटीकल एक्जीक्यूटिव द्वारा नहीं की जायेगी। कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत कोई नई स्वीकृति नहीं की जायेगी। निर्माण कार्यो के स्वीकृति आदेश जारी किन्तु स्थल पर वास्तविक कार्य प्रारंभ नहीं ऐसी स्थिति मेंनया कार्य प्रारंभ नहीं किया जावेगा।यदि स्थल पर निर्माण एवं विकास कार्य वास्तविक रूप से चालू हो गया है, वह जारी रहेगा।चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाएँ आयोग को सूचित किये बिना,सूचना देकर, अनुमति लेकर निरन्तर चालू रहेगी।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जैसे ही निर्वाचन का कार्यक्रम जारी किया जाता है उसी दिन उसी समय से आचार संहिता प्रभावशील हो जाती है और निर्वाचन समाप्त होने तक प्रभावशील रहेगी।यह समान रूप से राज्य सरकार के अधीन गठित समिति, संगठन, बोर्ड, आयोग, स्थानीय निकाय, शासकीय संगठन सभी पर लागू होगी।

### मतदान दलों को दिया घर-घर वोटिंग का प्रशिक्षण

# दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को मिलेगी सुविधा

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।** लोकसभा निर्वाचन विधानसभा क्षेत्र सिवनी मालवा में दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को मत देने के लिए मतदान दलों द्वारा मतपत्र के माध्यम से वोटिंग कराने हेतु पोस्टल बैलट के लिए गठित दल और सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण स्थानीय जनपद पंचायत सभागृह में सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती सरोज सिंह परिहार की उपस्थिति में दिया गया। प्रशिक्षण में तहसीलदार राकेश खजूरिया सहित मास्टर ट्रेनर्स प्रोफेसर सुनील कुमार सोनी ,प्राचार्य सुरेंद्र कुमार पाटिल, प्रकाश व्यास ने प्रशिक्षण प्रदान किया जिसके तहत मतदान हेतु नियत घर-घर मतदान दल अधिकारियों, कर्मचारियों को मतदान सामग्री को प्राप्त करने से लेकर के 85 वर्ष से अधिक वाले मतदाताओं को घर पर वोटिंग कराने संबंधी प्रपत्र एवं आवश्यक सावधानियां प्रशिक्षण में बताया गया। जिसमें फॉर्म नंबर 13 ए 13 वी 13 सी के संबंध में जानकारी देने के साथ-साथ मतदान प्रकोष्ठ की स्थापना, मतदाता की पहचान स्थापित करना तथा उसे प्रमाणित करना, लेखा रजिस्टर में दर्ज करना एवं मतपत्र मे वोट देने के बाद लिफाफों को शील्ड करने की प्रक्रिया को समझाया गया।



# ईद पर शहर में सफाई व्यवस्था रही चौपट



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

जहां मुस्लिम समाज जनों के द्वारा ईद का त्योहार के मनाया जा रहा था । वहीं शांति समिति की बैठक में पहले ही नगर पालिका के अधिकारियों को साफ सफाई करने के निर्देश एसडीएम के द्वारा दिए गए थे। इसके बाद भी नगर पालिका के जिम्मेदारियां ने सफाई के प्रति गंभीरता से अपने काम नहीं किया इसके कारण नगर पालिका शादी हाल के अलावा कई स्थानों पर कचरे के ढेर दोपहर 12 बजे तक लग रहे। तरह की तस्वीर शहर में कई जगह देखने को मिली मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा नगर की व्यवस्थाओं की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया इस वजह से व्यवस्थाएं दिन खराब होती जा रही है। सफाई नहीं होने से मुस्लिम समाज के लोगों में भी नगर पालिका के प्रति आक्रोश देखने को मिला। पत्रकार सईद खान ने बताया कि नगर पालिका के अधिकारियों ने सफाई पर ध्यान नहीं दिया जिसके चलते शहर में कई जगह कचरा के ढेर लगे हुए थे।

## ईद पर गले मिलकर एक दूसरे को दी बधाई



सिरोंज। आज मुस्लिम समाज ने ईद का त्यौहार हर्ष उल्लास के साथ मनाया एवं एक दूसरे को गले मिलकर बधाइयाँ दीं।

### नुकसान की भरपाई करने अधिक दामों पर बेची जा रही है शराब

# गांवों में बिक रही है अवैध शराब

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

एमआरपी से अधिक दामों पर किसी भी सामान की बिक्री नहीं की जाती है उपभोक्ताओं को एमआरपी से कम दाम पर तो ले सकते हैं,पर अधिक पैसे नहीं वसूल सकते हैं ऐसा करने पर कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है। दूसरी ओर लिंक रोड पर संचालित होने वाली अंग्रेजी शराब दुकान पर एमआरपी से अधिक दामों पर शराब बेचने का वीडियो वायरल हुआ है। इसके बाद आपका विवाह के अधिकारियों ने शराब ठेकेदार के हमले को चेतावनी देते हुए कहा कि अधिकतम नहीं ले सकते हैं फिर भी अधिक दामों ऊपर शराब बेचने का काम किया जा रहा है। संजय यादव ने बताया कि 220 की एमआरपी वाली शराब 250 में बेचने का काम किया जा रहा है। जब मैं शराब बेचने वाले दुकानदार से उसका बिल मांगा तो उसने कहा कि दाम बढ़ गए हैं पर एमआरपी यही है बिल हमारे पास नहीं है बिल हम नहीं देंगे इससे काम दाम पर हम शराब नहीं देंगे लेना हो तो को नहीं तो जाओ महंगे दामों पर शराब बेचने का काम खुलेआम की जा रहा है। दुकान के बाहर एमआरपी की लिस्ट भी नहीं लगाई गई है । क्योंकि अधिक दाम वसूलने के कारण ऐसा किया जा रहा है तभी तो रेट लिस्ट भी नहीं की गई है । आबकारी विभाग के नियम के अनुसार लिस्ट भी दुकान के बाहर लगानी होती है। कई लोगों का कहना है कि पिछले दिनों शराब ठेकेदार की शराब से भरी गाड़ी पलट गई थी शायद उसकी भरपाई करने के लिए अधिक दामों पर शराब बिकने का काम किया जा रहा है । तभी तो नियमों को दरकिनार करते हुए अधिक दाम पर शराब की बिक्री खुलेआम की जा रही है ।

**इनका कहना है**

*यदि एमआरपी से अधिक दाम पर शराब बेचने का काम किया जा रहा है तो मैं स्वयं जांच करुंगा और कार्रवाई भी की जाएगी।*

***संजय इब्ने** आबकारी उप निरीक्षक सिरोंज*

### 18 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी की नामांकन रैली में जाएंगे कार्यकर्ता

# लोकसभा के प्रभारी एवं संयोजक ने ली विधानसभा के तीनों मंडलों की बैठक




**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। विधानसभा के अंतर्गत आने वाले देवपुर,चितावर एवं सिरोंज नगर मण्डल की मंडल कार्यसमिति की इस बैठक में सागर लोकसभा के प्रभारी जयप्रकाश चतुर्वेदी ने विगत दिनों भाजपा के स्थापना दिवस आयोजन की प्रत्येक मंडल के बूथ केंद्र स्तर की समीक्षा करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही भाजपा संगठन की रीढ़ है जिनकी बदौलत आज पूरे देश के सत्रह राज्यों में हमारी जनकल्याणकारी सरकारें काम कर रही हैं। मोदी जी के नेतृत्व में भारत देश ने विश्व मे अपनी प्रभावी पहचान स्थापित की है और विश्व के अनेक शक्तिशाली देश आज हमारी ओर आशा भरी निगाहों से देख रहें है। प्रत्येक क्षेत्र में हमारी सरकार ने देश मे रहने वाले नागरिकों में सुरक्षा की भावना स्थापित करने के साथ सर्वांगीण विकास की बदौलत विश्वास अर्जित करने का काम किया है जिसकी वजह से नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहें हैं। यह चुनाव हम केवल जीतने के लिए नही बल्कि इतिहास बनाने के लिए लड़ रहें है। सागर लोकसभा की प्रत्याशी लता बाँनखेड़े को हम लोकसभा की आठों विधानसभाओं में से हम अपनी विधानसभा से सबसे ज्यादा मतों से जिताएंगे। इसके लिए हम सभी कार्यकर्ताओं को अपने अपने मतदान केंद्रों पर कांग्रेस मुक्त बूथ बनाने के लिए प्रयास करना है। बैठक को लोकसभा के संयोजक एवं प्रदेश मंत्री प्रभुलाल पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 18 अप्रैल को हमारी लोकसभा की प्रत्याशी लता बानखेड़े प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ नेताओं के साथ अपना नामांकन जमा करेंगी। इस नामांकन रैली में हम अपनी विधानसभा के सभी मंडलो से कार्यकर्ताओ के साथ सहभागिता करेंगे। इसके पूर्व बैठक का शुभारंभ डॉ



श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। बैठक का संचालन विधानसभा के संयोजक कैलाश शर्मा एवं आभार मंडल अध्यक्ष पारस तारण ने व्यक्त किया। इस अवसर पर लोकसभा के विस्तारक आशुतोष शर्मा, विधानसभा विस्तारक राहुल मारण, जिला मंत्री दिनेश शर्मा,मंडल अध्यक्ष झार सिंह दाँगी,चरण सिंह राजपूत,रमेश यादव,हरिबाबू भार्गव,संतोष चौरे, संजीव माथुर, हमीर सिंह यादव चांदमल जैन,नपा उपाध्यक्ष मनोज शर्मा सहित तीनो मंडल की मंडल कार्यसमिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### संसदीय क्षेत्र हेतु आज अधिसूचना जारी

# नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

**भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के तहत जारी कार्यक्रम के अनुसार तृतीय चरण के तहत विदिशा जिले की पांचो विधानसभाओं के दोनो संसदीय क्षेत्र हेतु निर्वाचन की अधिसूचना शुक्रवार 12 अप्रैल को जारी होगी और अधिसूचना जारी होते ही नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। गौरतलब हो कि संसदीय क्षेत्र क्रमांक 05 सागर के नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग आफीसर व सागर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। उक्त संसदीय क्षेत्र में विदिशा जिले की तीन विधानसभाएं क्रमशः कुरवाई, सिरोंज व शमशाबाद शामिल है। इसी प्रकार संसदीय क्षेत्र क्रमांक 18 विदिशा के नाम निर्देशन पत्र अभ्यर्थियों द्वारा रायसेन कलेक्टर व रिटर्निंग आफीसर के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। उक्त संसदीय क्षेत्र में जिले की दो विधानसभा विदिशा व बासौदा शामिल है।**

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार दोनो संसदीय क्षेत्र में नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल नियत की गई है। प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच 20 अप्रैल को होगी तथा उम्मीदवारी से नाम वापिस लेने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल नियत की गई है। मतदान सात मई को होगा तथा मतो की गणना कार्य चार जून को नियत स्थलों पर होगी।

रिटर्निंग आफीसरो ने सहायक रिटर्निंग आफीसरों से संवाद किया -भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जारी कार्यक्रम के अनुसार तृतीय चरण के तहत विदिशा जिले की पांचो विधानसभाओं के दोनो संसदीय क्षेत्र हेतु निर्वाचन की अधिसूचना शुक्रवार 12 अप्रैल को जारी होगी और अधिसूचना जारी होते ही नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी के परिपेक्ष्य में किए जाने वाले प्रबंधो की तैयारियों व प्रेक्षकों के फोल्डरो तथा निर्वाचन आयोग के निर्धारित प्रपत्रों में जानकारियां प्रेषित करने के संबंध में भी वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से संवाद किया गया है।

संसदीय क्षेत्र 05 सागर के रिटर्निंग आफीसर व कलेक्टर श्री दीपक आर्य ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जिले की तीनो विधानसभा क्रमशः कुरवाई, सिरोंज व शमशाबाद के एसडीएम व सहायक रिटर्निंग आफीसरो से पृथक-पृथक चर्चा कर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार अधिसूचना जारी होने के उपरांत क्रियान्वित कार्यो के संबंध में संवाद किया है। इसी प्रकार संसदीय क्षेत्र क्रमांक 18 विदिशा के रिटर्निंग आफीसर व रायसेन कलेक्टर श्री अरविन्द कुमार दुबे ने भी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जिले की आने वाली दोनो विधानसभा क्रमशः विदिशा एवं बासौदा की एसडीएम व सहायक रिटर्निंग आफीसर से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से संवाद किया है।



विदिशा कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने कलेक्टेट के बेतवा सभागार कक्ष में मौजूद रहकर दोनो संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग आफीसरो को विधानसभावार किए गए प्रबंधो के अलावा प्रेक्षकों को प्रदाय की जाने वाली जानकारियों के फोल्डर तथा अधिसूचना प्रकाशन की जानकारियां नियत स्थलों पर चस्पा कराए जाने के संबंध में चर्चा कर जानकारी दी है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत चौबे, अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मोहिनी शर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शशि मिश्रा, श्री विनीत तिवारी, पोस्टल बैलेट प्रभारी व संयुक्त कलेक्टर सुश्री निकिता तिवारी, डिप्टी कलेक्टर श्री संतोष बिटौलिया, विदिशा एसडीएम श्री क्षितिज शर्मा, तहसीलदार डॉ अमित सिंह के अलावा विभिन्न प्रकोष्ठो के नोडल अधिकारी मौजूद रहें। क्रमांक 82

**अधिग्रहित वाहनों को आदेश में वर्णित स्थान पर नियत समय पर उपलब्ध कराएं:** जिले के समस्त वाहन संचालकों को सूचित किया गया है कि निर्वाचन आदि शासकीय कार्य के लिए अधिग्रहित किये गए वाहनों को अधिग्रहण आदेश मे वर्णित स्थान पर नियत समय पर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। ऐसा ना किए जाने पर वाहन स्वामी के विरुद्ध आरपी एक्ट की धारा 167, भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

## प्रथम प्रशिक्षण में अनुपस्थित 20 कर्मचारियों को शोकाज नोटिस

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बुद्धेश कुमार वैद्य ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जारी प्रथम प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले 20 कर्मचारियों को शोकाज नोटिस जारी किए हैं। जिन कर्मचारियों को शोकाज जारी किए गए हैं। उनमें विदिशा विकासखंड के पांच तथा बासौदा विकासखंड के 15 कर्मचारी शामिल हैं। प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने वाले जिन कर्मचारियों को शोकाज नोटिस जारी किया गया है उनमें बासौदा विकासखंड के लोक निर्माण विभाग के उप यांत्री गिरीश चंद शर्मा, नगर परिषद बासौदा के लेखापाल अशोक वर्मा, सा. वन मंडल सहायक ग्रेड 3 गायत्री देवी कुशवाहा, पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सा सहायक डॉक्टर ज्योति शाक्य तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित विदिशा की कंप्यूटर ऑपरेटर सोनम राठौर शामिल हैं। इसके अलावा विदिशा विकासखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवगंज क्रमांक दो की ललिता सक्सेना, पं. ग्रा. वि. वि. विदिशा के परियोजना अधिकारी रामनाथ चंदेले, एसएटीआई डिग्री विदिशा के सहायक प्रोफेसर अजय कुमार गोयल, स.सं.मतस्य वि. विदिशा के स. म. अधि. प्रांजल अहिरवार, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवखजूरी के प्रवीण शुक्ला, पीएचई विदिशा के सहायक ग्रेड तीन बैजनाथ प्रजापति, अटल बिहारी वाजपेई शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय विदिशा के सहायक ग्रेड तीन सुमित सोनी, खंड चिकित्सा अधिकारी पीपलखेड़ा के फॉर्मा करीम खान, शासकीय महाविद्यालय विदिशा के सहायक ग्रेड तीन वीर सिंह रघुवंशी, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या शेरपुरा विदिशा की अध्यापक अनीता श्रीवास्तव, भ.त्य अंकित आदिवासी, अटल बिहारी वाजपेई शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय विदिशा के सहायक ग्रेड तीन प्रशांत सोनी, इंडियन बैंक खरी फाटक विदिशा चतुर्थ श्रेणी जीवन सिंह, एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विदिशा प्राथमिक शिक्षक रमा शर्मा तथा नगर पालिका विदिशा के स्थाई कर्मी लीलाधर कुशवाहा शामिल हैं।

## प्राधिकृत पत्रकारों को भी मिलेगी पोस्टल बैलेट से वोट करने की सुविधा -

सिरोंज। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अब मतदान दिवस के कवरेज मेंशामिल प्राधिकृत पत्रकारों को भी पोस्टल बैलेट से वोट डालने की सुविधा प्रदान की गई है। आयोग ने गत दिवस अधिसूचना जारी कर पत्रकारों के कार्य को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में स्थान देकर यह सुविधा प्रदान की है। यह सुविधा केवल उन पत्रकारों को मिलेगी, जिन्हें निर्वाचन कार्य के कवरेज हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकार पत्र जारी किया गया हो। चुनाव कार्य के कवरेज में संलग्न पत्रकार को अपना प्राधिकार पत्र लगाकर पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिये आवेदन करना होगा। तय प्रक्रिया का पालन करने एवं प्राधिकार पत्र संलग्न करने पर संबंधित निर्वाचन अधिकारी प्राधिकृत पत्रकार को पोस्टल बैलेट जारी कर उनसे मतदान करायेंगे।

**मेट्रो एंकर**

### वृंदावन के कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

# श्री महामाई मेले में चल रही रामलीला में मनु-शतरूपा को मिला वरदान, हुआ राम अवतार

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

चैत्र नवरात्रि के अवसर पर श्री महामाई माता ( डॉगवाली ) के जागृत दरबार में आयोजित रामलीला में बुधवार को मनु-शतरूपा प्रसंग की मनमोहक प्रस्तुति हुई। देर रात्रि तक चली इस लीला में कथावाचक पं. कृष्णमुरारी व्यास एवं वृंदावन से पधारे कलाकारों द्वारा अभिनय एवं संवादों के माध्यम से रामलीला के प्रसंगों की प्रस्तुति दी गई।



इस अवसर पर संगीतमयी रूप से आयोजित इस रामलीला में श्री गौरांग प्रेमरस रासलीला माधुरी संस्थान के कलाकारों द्वारा बताया गया कि महाराज स्वयं-भू मनु और शतरूपा की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर श्री हरि बिष्णु उन्हें वरदान देते हैं । इनके दूसरे जन्म में वह अयोध्या के राजा दशरथ के घर राम के रूप में जन्म लेते हैं। इस अवसर पर सम्पूर्ण नगरवासी उत्सव मनाते हैं बधाईयॉ एवं मिठाई बॉटते हैं। रामलीला के बीच में मंडली के सखी भाव रखने वाले कलाकारों द्वारा भी सुंदर नृत्यों की प्रस्तुति भी दी गई।

### विशाल मेले में भी उमड़ रही है भारी भीड़

श्री महामाई माता मंदिर पर चल रहे 15 दिवसीय विशाल मेले में भी प्रतिदिन भारी भीड़ दिखाई दे रही है। मेले में बच्चों के मनोरंजन हेतु आकर्षक झूले, मीना बाजार एवं बड़ी संख्या में अन्य दुकानें लगाई गयी है जिसमें बड़ी संख्या बच्चे, महिला एवं पुरूषों की भारी भीड़ पूरे समय दिखाई दे रही है। मेला समिति द्वारा भी इस हेतु पूर्व से ही व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

### धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए रामलीला जैसे आयोजन जरूरी है: विधायक

इस अवसर पर उपस्थित महामाई सेवा समिति सदस्य एवं विधायक उमाकांत शर्मा ने भी श्री राम–दरबार एवं व्यास गादीं की पूजन अर्चन करते हुए कहा कि चौत्र नवरात्रि के अवसर पर श्री महामाई दरवार में आयोजित होने वाले यह उत्सव सनातन धर्म एवं संस्कृति की रक्षा हेतु बहुत आवश्यक हैं। हमें आने वाली पीढ़ी को आदर्श एवं मर्यादित जीवन जीने की शिक्षा देने के लिए रामचरित मानस और रामलीला जैसे उत्सवों से जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सनातन धर्म के समस्त लोगों के लिए है और आपके सहयोग से ही यह सफलता प्राप्त करता है। उन्होंने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से महामाई मेला एवं उत्सव में पधारने का आग्रह किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समिति सदस्य एवं धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित थे।

## न्यायालय तहसीलदार, तहसील सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम, मप्र

क्रमांक : 0002/अ-20(3) 2023-24
ग्राम - दमाडिया

### विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संस्था का नामः कृषि उपज मंडी समिति बानापुरा संस्था का प्रकार Other संस्था का पताः ग्राम दमाडिया द्वारा नगरेतर जिलाः नर्मदापुरम तहसील सिवनी मालवा के ग्राम दमाडिया स्थित भूमि सर्वे नंबर : 11/2, 138/2, 14/2, रकवाः 26.348 हे. 14.032 हे. , 0.910 हे. भूमि का विषयक कृषि उपज मंडी समिति बानापुरा के नाम राज्य शासन के किसी विभाग को भूमि आवंटि/ हस्तांतरण किये जाने का आनलाइन आवेदन इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह प्रकरण में नियत तिथि 12/4/2024 को अथवा उसके पूर्व न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा विधिक अभिकर्ता के माध्यम से स न्यायालय के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 26/3/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**न्यायालय तहसीलदार, तहसील सिवनी मालवा**
**जिला नर्मदापुरम मप्र**

# महिला टी20 वर्ल्ड कप : क्वालिफायर मुकाबलों की शुरुआत 25 अप्रैल से होगी, फाइनल 7 मई को खेला जाएगा

**आखिरी दो पायदान के लिए 10 टीमें क्वालिफायर के जरिए भिड़ेंगी**

**नईदिल्ली, एजेंसी**

महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 में 10 टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें पिछले टूर्नामेंट यानी 2023 टी20 वर्ल्ड कप की टॉप-6 टीमें शुमार होंगी. इसके अलावा बांग्लादेश ने होस्ट के रूप में क्वालिफाई किया है, जबकि पाकिस्तान ने आईसीसी टी20 के आधार पर क्वालिफाई किया है।

पिछले सीजन की टॉप-6 टीमों में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज शामिल है. इस तरह 8 टीमें जगह बना चुकी हैं और 2 क्वालिफायर के जरिए आएंगी. क्वालिफायर मुकाबलों की शुरुआत 25 अप्रैल से होगी, जिसका फाइनल 7 मई को खेला जाएगा. टूर्नामेंट के लिए अबुधाबी के लिए दो



मैदान तय किए गए हैं, जिसमें टॉलरेंस ओवल और जायद क्रिकेट स्टेडियम शामिल है. क्वालिफायर के ज़रिए क्वालिफाई करने वाली दो टीमें इस साल के आखिर में बांग्लादेश की सरज़मीं पर खेले जाने वाले टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेंगी।

क्वालिफायर में कुल 10 टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें आयरलैंड, नीदरलैंड, स्कॉटलैंड, श्रीलंका, थाईलैंड, युगांडा, यूएई, यूएसए, वानुअतु और जिम्बाब्वे शामिल है. 10 में दो टीमें जगह बनाएंगी. क्वालिफायर में पहला मुकाबला श्रीलंका और थाईलैंड के बीच खेला जाएगा. क्वालिफायर की 10 टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है. ग्रुप ए में- श्रीलंका, थाईलैंड, स्कॉटलैंड, युगांडा, अमेरीका शामिल है. इसके अलावा ग्रुप बी में- आयरलैंड, जिम्बाब्वे, नीदरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, वानुअतु शामिल है. दोनों ग्रुप की टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी. फिर फाइनलिस्ट बनने वाली दोनों टीमें क्वालिफाई कर लेंगी।

### ऐसा है पूरा शेड्यूल

| तारीख | मैच | मैदान |
|---|---|---|
| 25 अप्रैल | श्रीलंका बनाम थाईलैंड | टॉलरेंस ओवल |
| 25 अप्रैल | स्कॉटलैंड बनाम युगांडा | टॉलरेंस ओवल |
| 25 अप्रैल | आयरलैंड बनाम यूएई | जायद क्रिकेट स्टेडियम |
| 25 अप्रैल | जिम्बाब्वे बनाम वानुअतु | जायद क्रिकेट स्टेडियम |
| 27 अप्रैल | वानुअतु बनाम नीदरलैंड | टॉलरेंस ओवल |
| 27 अप्रैल | यूएई बनाम जिम्बाब्वे | टॉलरेंस ओवल |
| 27 अप्रैल | युगांडा बनाम यूएसए | जायद क्रिकेट स्टेडियम |
| 27 अप्रैल | स्कॉटलैंड बनाम श्रीलंका | जायद क्रिकेट स्टेडियम |
| 29 अप्रैल | यूएसए बनाम स्कॉटलैंड | टॉलरेंस ओवल |
| 29 अप्रैल | युगांडा बनाम थाईलैंड | टॉलरेंस ओवल |
| 29 अप्रैल | आयरलैंड बनाम जिम्बाब्वे | जायद क्रिकेट स्टेडियम |
| 29 अप्रैल | नीदरलैंड बनाम यूएई | जायद क्रिकेट स्टेडियम |
| 1 मई | जिम्बाब्वे बनाम नीदरलैंड | टॉलरेंस ओवल |
| 1 मई | वानुअतु बनाम आयरलैंड | जायद क्रिकेट स्टेडियम |
| 1 मई | श्रीलंका बनाम युगांडा | जायद क्रिकेट स्टेडियम |
| 1 मई | थाईलैंड बनाम यूएसए | जायद क्रिकेट स्टेडियम |
| 3 मई | थाईलैंड बनाम स्कॉटलैंड | टॉलरेंस ओवल |
| 3 मई | यूएसए बनाम श्रीलंका | जायद क्रिकेट स्टेडियम |
| 3 मई | यूएई बनाम वानुअतु | जायद क्रिकेट स्टेडियम |
| 3 मई | नीदरलैंड बनाम आयरलैंड | जायद क्रिकेट स्टेडियम |
| 5 मई | पहला सेमीफाइनल | जायद क्रिकेट स्टेडियम |
| 5 मई | दूसरा सेमीफाइनल | जायद क्रिकेट स्टेडियम |
| 7 मई | फाइनल | जायद क्रिकेट स्टेडियम |

### आईपीएल के 2 मुकाबले रीशेड्यूल: अहमदाबाद में 16 अप्रैल का मैच 17 अप्रैल को

# 17 अप्रैल को रामनवमी, कोलकाता पुलिस के कहने पर मैच एक दिन पहले

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के दो मैचों को रीशेड्यूल किया है। 17 अप्रैल को ईडन गार्डन में होने वाला कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच मैच अब 16 अप्रैल को खेला जाएगा। वहीं, गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 16 अप्रैल को होने वाला मुकाबला, अब 17 अप्रैल को होगा। ये बदलाव कोलकाता पुलिस के कहने पर हुआ है।

दरअसल, कोलकाता पुलिस ने बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन से कहा था कि 17 अप्रैल को राम नवमी है और दो दिन बाद 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव की वोटिंग है। इस कारण 17 अप्रैल को सिक्योरिटी के लिए ज्यादा फोर्स नहीं दे पाएंगे। रीशेड्यूल हुए दोनों मैचों के लिए पहले से बेचे गए टिकटों पर अभी निर्णय नहीं हुआ है।




**बीसीसीआई ने 2 फेज में जारी किया था शेड्यूल**

बीसीसीआई ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 का शेड्यूल 2 फेज में जारी किया था। इसे लोकसभा चुनावों के कारण रोका गया था। बोर्ड ने बताया कि लीग के मौजूदा सीजन के सेकेंड फेज की शुरुआत 8 अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच नाइट मैच से होगी। यह मुकाबला चेन्नई के होमग्राउंड चेपॉक मैदान पर खेला जाएगा। इस सीजन का फाइनल 26 मई को चेन्नई में खेला जाएगा।

### 8 खिलाड़ी रिटेन करना चाहती हैं आईपीएल टीमें

## 16 को अहमदाबाद में टीमों के मालिकों की बैठक होगी

**मेगा ऑक्शन इस साल के अंत में, पर्स की रकम बढ़ाने की मांग**

*भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीमों के मालिकों की एक बैठक बुलाई है, जो 16 अप्रैल को अहमदाबाद में होगी। मीटिंग में इस साल होने वाले मेगा ऑक्शन और प्लेयर रिटेंशन नंबर पर चर्चा होगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल होने वाले मेगा ऑक्शन में रिटेन किए गए खिलाड़ियों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इस पर आईपीएल टीम मालिकों के अलग-अलग विचार हैं। नंबर पर कोई स्पष्ट सहमति नहीं है और माना जा रहा है कि बीसीसीआई इस पर बातचीत करना चाहता है। बताया गया कि चीजें अभी शुरुआती स्टेज पर हैं। बीसीसीआई लीग को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही है। इसमें प्लेयर रिटेंशन अहम है। ज्यादातर टीम मालिक इस फैसले के समर्थन में हैं कि वह मेगा ऑक्शन से पहले 8 प्लेयर्स को रिटेन कर पाएं। अभी नीलामी के लिए रिटेन के नियम के मुताबिक एक टीम ज्यादा से ज्यादा 4 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है। वहीं एक खिलाड़ी को राइट टु मैच कार्ड के साथ अपने साथ जोड़ा जा सकता था। ऐसे में टीमों को पांच खिलाड़ियों को रिटेन का मौका मिलता है। किसी भी टीम को अधिकतम 2 विदेशी खिलाड़ियों को रिटेन करने की इजाजत है। इसके अलावा टीमें ने ऑक्शन पर्स भी बढ़ाना चाहती हैं। अभी मेगा ऑक्शन में प्रत्येक टीम के पास नीलामी के लिए 90 करोड़ रुपए रहते हैं। फ्रेंचाइजी इसे 90 करोड़ से बढ़ाकर 100 करोड़ करना चाहती हैं।*



### नीतीश रेड्डी ने अच्छे प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरीं

## पिता के त्याग ने बेटे को बनाया सुपरस्टार क्रिकेटर



**नईदिल्ली, एजेंसी**

आईपीएल से दुनिया भर को क्रिकेट के कई नए सितारे मिले हैं। इस लीग ने भारत को रविचंद्रन अश्विन और हार्दिक पांड्या जैसे कई सुपरस्टार मिले, वहीं ऑस्ट्रेलिया समेत दूसरे देशों को भी इससे काफी फायदा पहुंचा है। ऑक्शन में खूब पैसे और कुछ अच्छे परफॉर्मेंस किसी भी खिलाड़ी को रातोंरात स्टार बनाने के लिए काफी हैं। ऐसा देखा गया है कि इस लीग में खेलने वाले अनकैप्ड विदेशी क्रिकेटरों को जल्द ही उनके देश में खेलने का मौका मिल जाता है, चाहे वह डार्सी शॉर्ट हों या मैथ्यू शॉर्ट। 20 साल के एक और भारतीय क्रिकेटर ने अपने प्रदर्शन से खूब सुर्खियां बटोरीं। इस खिलाड़ी का नाम है नीतीश रेड्डी। सनराइजर्स हैदराबाद से खेलने वाले आंध्र प्रदेश के इस खिलाड़ी ने पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच जिताऊ प्रदर्शन किया और प्लेयर ऑफ द मैच भी बने। यह ध्यान देने वाली बात है कि यह सिर्फ उनका चौथा मैच था। पंजाब के खिलाफ एक वक्त हैदराबाद ने 39 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद नीतीश रेड्डी ने अकेल मोर्चा संभाला। उन्होंने बाकी खिलाड़ियों के साथ छोटी मगर उपयोगी साझेदारियां कीं। राहुल त्रिपाठी के साथ नीतीश ने 25 रन, हेनरिक क्लासेन के साथ 36 रन, अब्दुल समद के साथ 50 रन की साझेदारी की। नीतीश ने 37 गेंद में चार चौके और पांच छक्के की मदद से 64 रन की तूफानी पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 172.97 का रहा। वह टीम की ओर से एकमात्र खिलाड़ी रहे, जिसने 30+ का स्कोर किया।



## मेट्रो बाजार

## भारत में कम हुई यूनिकॉर्न कंपनियां, अब इनकी संख्या रह गई सिर्फ 67

**नईदिल्ली, एजेंसी**

बीते चार साल में पहली बार भारत में यूनिकॉर्न कंपनियों की संख्या कम हुई है। हुरुन ग्लोबल यूनिकॉर्न इंडेक्स 2024 के मुताबिक 2023 में भारत में यूनिकॉर्न कंपनियों की संख्या घटकर 67 रह गई है। 2022 और 2023 में भारत में 68 यूनिकॉर्न कंपनियां थीं। 2017 के बाद पहली बार यूनिकॉर्न की तादाद घटी है। हालांकि, दूसरे देशों में भारत से ज्यादा यूनिकॉर्न घटे हैं। 1 अरब डॉलर (8,300 करोड़ रुपए) या इससे ज्यादा वैल्युएशन वाले स्टार्टअप यूनिकॉर्न कहलाते हैं।

**बायजूस लिस्ट से बाहर होने से आई यूनिकॉर्न में कमी**

हुरुन ने एडुटेक कंपनी बायजूस को यूनिकॉर्न की लिस्ट से बाहर कर दिया है। एक साल पहले बायजूस की वैल्यूएशन 22 अरब डॉलर से अधिक थी, लेकिन वर्तमान में इसकी वैल्यूएशन भारी गिरावट के साथ 1 अरब डॉलर से भी कम हो चुकी है। बायजूस की वैल्यूएशन में आई बड़ी गिरावट, पूरी दुनिया में किसी भी स्टार्टअप में आई गिरावट में सबसे ज्यादा है।



**अमेरिका में 21 और चीन में 11 यूनिकॉर्न कम हुए:** रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल अब तक दुनियाभर में 42 स्टार्टअप्स यूनिकॉर्न क्लब से बाहर हो गए। इसका मतलब है कि इनकी बाजार वैल्यू 8,300 करोड़ रुपए से कम रह गई। सबसे ज्यादा 21 यूनिकॉर्न अमेरिका में कम हुए। चीन में भी 11 स्टार्टअप्स यूनिकॉर्न क्लब से बाहर हो गए।

**अमेरिका में सबसे ज्यादा यूनिकॉर्न, भारत तीसरे नंबर पर:** इंडेक्स के मुताबिक, सबसे ज्यादा 703 यूनिकॉर्न के साथ अमेरिका टॉप पर और 240 यूनिकॉर्न के साथ चीन दूसरे नंबर पर है। संख्या के मामले में दुनिया में भारत का तीसरा नंबर बरकरार है। इस इंडेक्स में उन गैर-लिस्टेड कंपनियों (यूनिकॉर्न) को शामिल किया जाता है, जिनकी स्थापना 2,000 के दशक में की गई थी।

## अब तिलहन उत्पादन में भारत बनेगा आत्मनिर्भर

**बंगलूरू, एजेंसी।** भारत दुनिया में खाद्य तेलों का सबसे बड़ा आयातक है। भारत में खाद्य तेल की खपत की वर्तमान दर घरेलू उत्पादन दर से अधिक है। तिलहन उत्पादन में भारत बनेगा आत्मनिर्भरता

भारत दुनिया में खाद्य तेलों का सबसे बड़ा आयातक है। भारत में खाद्य तेल की खपत की वर्तमान दर घरेलू उत्पादन दर से अधिक है। इसलिए, देश को मांग और आपूर्ति के बीच के अंतर को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर रहना पड़ता है। वर्तमान में भारत अपनी खाद्य तेल की मांग का लगभग 60 फीसदी आयात के माध्यम से पूरा करता है। द सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार 2022-23 (नवंबर-अक्टूबर) के दौरान भारत ने 16.47 मिलियन टन खाद्य तेलों का आयात किया, जिसका मूल्य 1.38 लाख करोड़ (16.65 बिलियन अमेरिकी डॉलर) है। यह आंकड़ा खाद्य तेल उत्पादन में आत्मनिर्भरता की आवश्यकता पर जोर देता है। भारत में प्राथमिक उत्पादित खाद्य तेल का लगभग एक तिहाई हिस्सा रेपसीड और सरसों का है, जो इसे देश की प्रमुख खाद्य तिलहन फसल हैं। खाद्य तेल आयात पर निर्भरता कम करने के लिए सरसों सबसे आशाजनक तिलहन फसल है। सरसों मॉडल फार्म प्रोजेक्ट अब भारत को तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता बनने की दिशा में सहायक सिद्ध हो रहा है। अब तक पांच राज्यों में 3500 से अधिक सरसों मॉडल फार्म स्थापित किए गए हैं।



**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**

## आयुष्मान को ऊचाईयों तक पहुंचाएंगे अनीस बजमी





बॉलीवुड इंडस्ट्री के जाने-माने डायरेक्टर अनीस बज्मी इन दिनों अपकमिंग फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग में बिजी हैं। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी की जोड़ी पहली बार बड़े पर्दे पर नजर आएगी। अनीस बज्मी को लेकर खबरें हैं कि भूल भुलैया 3 के बाद उन्होंने नई हॉरर कॉमेडी 'भूतियापा' के लिए बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना से हाथ मिलाया है। फिल्म पर जल्द ही काम शुरू होगा। बॉलीवुड हंगामा के एक करीबी सूत्र के मुताबिक, आयुष्मान खुराना और अनीस बज्मी की हॉरर कॉमेडी पर बातचीत चल रही है। मिड-डे की रिपोर्ट के सूत्र से पता चला है कि अनीस बज्मी इस समय 'नो एंट्री' के सीक्वल को इस साल के अंत तक फ्लोर पर लाने की तैयारी में व्यस्त हैं। दूसरी ओर, आयुष्मान खुराना के पास पूर्व भारतीय क्रिकेटर सौरव गांगुली की बायोपिक भी है।

**बायोपिक में नजर आएंगे**

वर्कफ्रंट की बात करें तो आयुष्मान खुराना आने वाले दिनों में पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली की बायोपिक में नजर आएंगे। फिल्म में उन्हें देखना दर्शकों के लिए बड़ा सरप्राइज होने वाला है. दूसरी ओर, अनीस बज़्मी के पास पाइपलाइन में दो बड़े प्रोजेक्ट हैं। फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन, माधुरी दीक्षित, विद्या बालन और तृप्ति डिमरी हैं। इसके अलावा 'नो एंट्री 2' में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अर्जुन कपूर अहम भूमिका में नजर आएंगे।

### एक्ट्रेस अंकिता ने अगले प्रोजेक्ट की घोषणा की, नए ओटीटी प्रोजेक्ट से रिवील हुआ फर्स्ट लुक

## यमुनाबाई के बाद अब आम्रपाली बनेंगी एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे

बिग बॉस में हिस्सा लेने के बाद अंकिता लोखंडे की किस्मत चमक गई है। एक्ट्रेस एक के बाद एक बॉलीवुड फिल्मों में नजर आ रही हैं। उनकी रणदीप हुडा के साथ फिल्म 'स्वातंर्त्य वीर सावरकर' सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म के तुरंत बाद एक्ट्रेस ने अपने अगले प्रोजेक्ट की भी घोषणा कर दी है। कुछ समय पहले ही अंकिता ने अपने अगले प्रोजेक्ट की आधिकारिक घोषणा की है। यमुनाबाई सावरकर का किरदार निभाने के बाद अब वह ओटीटी पर एक और दमदार किरदार निभाने के लिए तैयार हैं। इस बार वह 'आम्रपाली' बनकर पर्दे पर छाने वाली हैं। अब इस वेब शो की ऑफिशियल अनाउंसमेंट हो गई है।

**फैंस खुशी से झूम उठे**

एक के बाद एक अनाउंसमेंट देखकर अब हर कोई एक्ट्रेस के लिए खुश नजर आ रहा है और उन्हें बधाई दे रहा है. अब इस पोस्टर को देखकर एक फैन ने लिखा है, भगवान के पास आपके लिए बेहतर योजनाएं हैं, यही कारण है कि आपने बिग बॉस की ट्रॉफी नहीं जीती लेकिन आपने वास्तविक उपलब्धियां हासिल कीं। एक फैन ने कहा, वाह, मुझे अब समझ आया जब उन्होंने कहा कि वह लगातार काम कर रही हैं।

**इस्माइल भी लौटेंगे**

सोशल मीडिया पर लिखा, 'अंकिता लोखंडे आम्रपाली बनकर ताकत, अनुग्रह और लचीलेपन का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह सीरीज शाही वैश्या की अनकही कहानी पर प्रकाश डालती है, साथ ही उसकी भावनाओं और चुनौतियों से भरी यात्रा को भी उजागर करती है।





## कंगना ने परिवार के खिलाफ जाकर लिया था एक्टिंग में करियर का फैसला

*बॉलीवुड की चकाचौंध हर किसी को आकर्षित करता है। यहां सपने लेकर पहुंचने वाले ढेरों कलाकारों की आकांक्षाएं और उनके पारिवारिक मूल्यों के टकराने की खबरें चर्चा में रही हैं। इंडस्ट्री में सफल होने के बाद उनके परिवार का समर्थन उन्हें मिला, लेकिन उस सफलता को पाने के लिए कई सितारे ऐसे भी रहे, जिन्होंने अपने माता-पिता और परिवार के खिलाफ जाकर अपने अभिनय करियर चुना। इन सितारों ने अपनी मेहनत और लगन से इंडस्ट्री में अपना एक अलग मुकाम हासिल किया, चलिए आपको कुछ ऐसे सितारों के बारे में बताते हैं। इस लिस्ट में पहला नाम कंगना का है, जिन्होंने अभिनय में अपना करियर बनाने के लिए अपने परिवार और घर तक को छोड़ दिया था। हालांकि, कंगना के इंडस्ट्री में सफल होने के बाद उन्हें परिवार का साथ मिला और आज उनके माता-पिता इस बात का काफी गर्व रहता है। जिसका खुलासा कंगना ने खुद एक साक्षात्कार में किया था। लिस्ट में अगला नाम अभिनेत्री राधिका आप्टे का है, राधिका के माता-पिता मेडिकल के पेशे से जुड़े है। पुणे में जन्मी राधिका ने अर्थशास्त्र में ग्रेजुएशन किया था, लेकिन अभिनय के प्रति उनके प्यार ने उन्हें इंडस्ट्री में आने के प्रेरित किया। हालांकि, उनके पिता अभिनेत्री के फैसले के खिलाफ थे। राधिका ने अपनी मेहनत और लगन से इंडस्ट्री में एक अलग पहचान बना ली। फिल्मी घराने से ताल्लुक रखने वाली मशहूर अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने पिता रणधीर कपूर के खिलाफ जाकर एक्टिंग को चुना था।*

# राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में बैग, मोबाइल समेत कीमती सामान चुराने वाला गिरोह सक्रिय है। जीआरपी ने यात्रियों की शिकायत पर चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जीआरपी रेलवे स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। साथ ही पूर्व में चोरी के प्रकरणों में गिरफ्तार हुए संदिग्धों की भी तलाश कर रही है।

जीआरपी ने अनुसार योगेश जंघेला (28) सुखीरू खुर्द ढाबा,अमरखाडा छिंदवाडा में रहते हैं। वे ट्रेन नंबर 12688 मदुराई सुपरफास्ट एक्स के कोच नंबर बी /2-55 से अंबाला से नागपुर सफर कर रहे थे। ढाई बजे के आसपास भोपाल से ट्रेन छूटी और उनकी नजर बर्थ पर रखे पर्स पर पड़ी। इस दौरान पता चला कि उन बहन का लेडीज पर्स बर्थ पर नहीं था। पर्स में बीस हजार रुपए की नगदी और एक जोड़ी चांदी की पायल समेत एक हजार रुपए की नगदी थी। चोर उनके पर्स से कुल चौबीस हजार रुपए का सामान मय पर्स के चुराकर ले गया है।

## बैग, पर्स और जेब से नगदी चोरी, जीआरपी ने दर्ज किए सभी प्रकरण

### स्टेशन के शेड में सो रहे मिस्त्री के 25 हजार चोरी

इधर, भोपाल रेलवे स्टेशन परिसर में छह नंबर स्टेशन के शेड में सो रहे मिस्त्री की जेब से अज्ञात चोर ने 25 हजार रुपए की नगदी चुरा ली। जीआरपी ने बताया कि विकास कुमार, सिवनी में रहते हैं और मिस्त्री का काम करते हैं। उन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि वे इंदौर भोपाल पैसेंजर के जनरल कोच में बैठकर उज्जैन से भोपाल की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान उन्हें पाढुंना जाना था। ट्रेन में समय होने पर विकास प्लेटफार्म नंबर-6 के बाहर बने शेड में रेलवे स्टेशन भोपाल में सो गया। करीब तीन बजे नींद खुली तो लोवर की जेब में रखी 25 हजार रुपए की नगदी नहीं थी।



### तिरुपति एक्स.से बैग चोरी

तिरुपति एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे युवक का अज्ञात बदमाश ने बैग चुरा लिया। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। जीआरपी के अनुसार कमल किशोर डलिया पिता रामानन्द जी डलिया (53) राम नगर मानचेरिअल (तेलंगाना) ने शिकायत करते हुए बताया कि ट्रेन नंबर-09715 हिसार तिरुपति एक्स के कोच बी-5 बर्थ नंबर-2 से 5 पर सवाई माधौपुर से सिरपुर कागज नगर की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान रेलवे स्टेशन संत हिरदाराम नगर के पास नींद खुलने पर सीट के नीचे रखा एक बैग देखा तो वहां नहीं था। बैग में 5 हजार रुपए की नगदी समेत कपड़े थे।

## मौसम हुआ सुहाना



*राजधानी में गुरुवार को भी मौसम बदल गया। कई जिलों में बारिश हुई। कई जगहों पर ओले भी गिरे। कई जिलों सुबह से बादल छाए रहे। पिछले 3-4 दिनों से कई जिलों में बारिश-ओले गिरने से तापमान में भी गिरावट देखी गई। शहर के युवाओं ने एंजॉय किया।*

### 49 लाख रुपये नकद और वारदात में प्रयुक्त हथियार तथा वाहन जब्त

# फरार डकैतों की तलाश में पुलिस दे रही दबिश, उमरेठ से दो डकैतों की गिरफ्तारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित शाहपुरा बी-सेक्टर स्थित में महिला डॉक्टर के घर डकैती डालने वाले फरार डकैतों का सुराग मिलने के पुलिस की पांच अलग अलग टीम दबिश दे रही है। पुलिस ने छिंदवाड़ा जिले के उमरेठ से दो डकैतों को गिरफ्तार किया है। डकैती के बाद वह अपने रिश्तेदार के घर पनाह लिए हुए थे। पुलिस का कहना है कि अन्य डकैत पुलिस से बचने लगातार अपना ठिकाना बदल रहे हैं। सभी टीमें लोकेशन के आधार पर उनकी तलाश कर रही है। पुलिस की टीम रिमांड पर लिए गए आरोपियों को भी साथ रखें है ताकि उनसे भी इनपुट मिल सके और डकैतों की पहचान में आसानी हो। पुलिस अभी तक केवल 49 लाख रुपए की नगदी और डकैती में इस्तेमाल किए गए हथियार और वाहन जब्त कर सकी है। हाल ही में गिरफ्त में आए दोनों डकैतो को टीम भोपाल लेकर पहुंच गई है। उनसे पूछताछ के बाद रिकवरी होने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि अनुसार शाहपुरा में रहने वाली डॉक्टर अंशुल सिंह सोमवार की रात अपने माता-पिता और छोटी बहन के साथ खाना खाने के लिए होटल गई थी। इस दौरान घर पर नौकर दंपति और एक नाबालिग था। रात करीब सवा दस बजे आधा दर्जन से ज्यादा नकाबपोश बदमाशों ने धावा बोला और दंपति के साथ मारपीट कर 50 लाख रुपये और लाखों रुपये कीमत के जेवरात लूटकर भाग निकले थे।



पुलिस ने इस मामले में घर नाबालिग नौकर के साथ ही चार अन्य बदमाशों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से 49 लाख रुपये नकद और वारदात में प्रयुक्त हथियार तथा वाहन जब्त किए गए थे। बदमाशों के आधा दर्जन साथी फरार बताए गए हैं, जिनकी तलाश में पुलिस की अलग-अलग टीमें लगाई गई है। यह टीमें गिरफ्तार बदमाशों को लेकर संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। टीम को छिंदवाड़ा में डकैतों की लोकेशन मिली थी और पुलिस गिरफ्तार डकैतों को साथ लेकर पहुंची थी, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

### सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात और नकदी चोरी

रातीबड़ स्थित एक सूने मकान का ताला तोड़कर चोर जेवरात और नकदी समेत हजारों का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक महावीर कालोनी नीलबड़ निवासी संजीव जोशी प्रायवेट काम करते हैं। पिछले दिनों वह बिहार चले गए थे। आठ अप्रैल को घर में



मौजूद पत्नी और अन्य परिजन खरीददारी के लिए बाजार गए थे, तभी बदमाशों ने ताला तोड़कर जेवरात और 40 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए। इधर कोहेफिजा थानांतर्गत लालघाटी स्थित निजी अस्पताल के पलंग पर रखा पिंकी सेन का एक मोबाइल फोन चोरी चला गया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 11 हजार रुपए बताई गई है।

# पुल पातरा के पास दो बदमाशों ने ऑटो चालक और उसकी पत्नी से की मारपीट, चाकू से किया हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित पुल पातरा के पास बीती रात दो बदमाशों ने आटो चालक और उसकी पत्नी से मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। गुस्साए बदमाशों ने आटो में भी तोड़फोड़ की है। पुलिस ने आटो चालक की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। देर रात पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। आरोपियों में मुख्य आरोपी पर तीन अपराध दर्ज है। पुलिस के अनुसार साहिल खान (19) डीआईजी बंगला के पास, गौतम नगर में रहता है और आटो चलाता है। उसकी ससुराल पुल पातरा के पास ऐशबाग में हैं। कल गुरुवार को ईद होने के कारण साहिल अपनी पत्नी को लेकर उसके घर गया था। रात करीब साढ़े 11 बजे खाना खाने के बाद दोनों आटो से डीआईजी बंगला जा रहे थे। पुल पातरा के नीचे पहुंचते ही उन्हें अनवर उर्फ गोलू और इरफान उर्फबच्चा मिल गए। आरोपियों ने



दोनों को रोक लिया और गालीगलौज करते हुए मारपीट करने लगे। इसी बीच अनवर ने चाकू निकाला और साहिल पर हमला कर दिया। चाकू हाथ से रोकने के कारण उसे हाथ में गंभीर चोट आई है। चाकू से हमला होते समय शाहिल ने अपना बचाव किया था और चाकू लगने से आटो में नुकसान हुआ है।

**अनवर की पत्नी को लेकर हुआ विवाद:** प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि साहिल जिस महिला के साथ रहता है वह पूर्व में अनवर की पत्नी थी। पत्नी के साहिल के साथ जाने को लेकर अनवर दुखी था। इसी बात को लेकर गुरुवार रात उसका साहिल से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर अनवर ने अपने साथी इरफान के साथ मिलकर मारपीट कर दी।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित मुगालिया हाट गांव में गुरुवार दोपहर एक युवक ने फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही परिजन के बयान भी नहीं होने के कारण आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस के अनुसार आजाद सिंह अरिहवार पिता कृपाराम अहिरवार (20) ग्राम मुगालिया हाट, परवलिया सड़क में रहता था और प्राइवेट काम करता था। गुरुवार दोपहर उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन ने उसे फंदे से नीचे उतारा



और पुलिस को सूचना दी थी। इसी गांव में रहने वाली रानी मिरोठा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रानी मिरोठा पति राकेश मिरोठा (35) गांव मुगालिया हाट में रहती थी। वह गृहणी थी और उसके पांच बच्चे हैं। पति ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे वह बाथरूम गई थी। वहीं बेसुध होकर गिर गई। वे उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि रानी मिरोठा के शरीर पर चोट नहीं है। अनुमान है कि उसे हार्ट अटैक आया है।

**मेट्रो एंकर**

### पीसीसी के सामने लिंक रोड नंबर 1 पर हुआ हादसा, पुलिस थार की तलाश में जुटी

# थार ने मारी बाइक सवार दंपती को टक्कर, पति की मौत, पत्नी और मासूम बेटी को मामूली चोट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय (पीसीसी) के सामने बीती रात तेज रफ्तार थार ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और तीन साल की मासूम बच्ची को मामूली चोट आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस टक्कर मारने वाली थार का पता लगा रही है।**



एसआई कमल सिंह चौहान ने बताया कि दीपक जाधव पिता अशोका जाधव (30) बुद्ध विहार के पास, अन्ना नगर, गोविंदपुरा में रहता था। दीपक प्राइवेट गाड़ी चलाता था। गुरुवार रात वह पत्नी और तीन साल की मासूम बेटी के साथ न्यू मार्केट से खरीदारी कर लौट रहा था। उसे बागमुगलिया जाना था। दरअसल, करीब दस बारह दिन पहले ही वह पत्नी और बेटी को लेकर बागमुगलिया में किराए के मकान में शिफ्ट हुआ था। रात करीब पौने 11 बजे पीसीसी कार्यालय के पास पहुंचते ही दीपक ने बाइक पीसीसी के पास से टर्न की थी, तभी एमपी नगर की तरफ से आ रही थार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक के हैंडिल और अगले टायर के पास टक्कर लगी थी। टक्कर लगने से बाइक सवार दंपती सड़क पर गिर गए। उन्हें पास ही स्थित अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही दीपक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दीपक की पत्नी और तीन साल की बच्ची को कम चोट होने के कारण उन्हें इलाज करने के बाद छुट्टी दे दी गई।

### न्यू मार्केट तरफ भागा थार चालक

टक्कर मारने के बाद बाइक सवार दंपती की मदद करने की बजाय आरोपी थार चालक तेजी से थार लेकर न्यूमार्केट की तरफ भाग निकला। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल पर पहुंचकर पूछताछ की गई तो पता चला कि काले रंग की थार ने टक्कर मारी है। अब पुलिस थार की तलाश करने घटनास्थल और लिंक रोड नंबर 1 पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022